


RNI : PBHIN/25/A4135

# सत्ता संदेश

साप्ताहिक

सम्पादक : जितेंद्र कुमार Website : www.sattasandesh.com You Tube : @sattasandesh25 The Power of Print...

वर्ष: 2 अंक: 14 6 अप्रैल, 2026 मूल्य रु: 5 पृष्ठ: 8 Email : sattasandesh25@gmail.com Post Registration - LDM/0010/2025-26



जोरदार वापसी करेंगे कप्तान ऋषभ... 8

एकता कपूर ने बताया कैसे टीवी...8

### दिल्ली से देहरादून के बीच यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी

# एक्सप्रेसवे तैयार, सफर होगा आसान

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

दिल्ली से देहरादून के बीच यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 14 अप्रैल को नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होते ही दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय घटकर करीब 2.5 से 3 घंटे रह जाएगा, जो पहले 5-6 घंटे तक लगता था।



इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसका 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ग्रीन कॉरिडोर है, जो राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र में बनाया गया है। इसे एशिया का सबसे लंबा ग्रीन कॉरिडोर माना जा रहा है। वन्यजीवों की आवाजाही को सुरक्षित रखने के लिए सड़क को ऊंचा बनाया गया है, ताकि नीचे से जानवर आसानी से गुजर सकें। करीब 210 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे को 6 लेन में विकसित किया गया है और इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं जोड़ी गई हैं। यहां स्पीड कंट्रोल के लिए कैमरे, संचार व्यवस्था और निगरानी सिस्टम लगाए गए हैं। निर्धारित गति सीमा के अनुसार हल्के वाहनों के लिए 100 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटा तय किया गया है।

यह एक्सप्रेसवे अक्षरधाम से शुरू होकर बागपत, शामली और सहारनपुर होते हुए देहरादून तक पहुंचेगा। रास्ते में कई फ्लाईओवर, अंडरपास और सुरंगें बनाई गई हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। साथ ही हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंच और आसान हो जाएगी। टोल की बात करें तो कारों के लिए एक तरफ का शुल्क करीब 675 रुपये निर्धारित किया गया है। हालांकि, समय और ईंधन की बचत को देखते हुए यह खर्च यात्रियों के लिए किफायती साबित हो सकता है। इस परियोजना को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने विकसित किया है, जिसे इससे बड़े आर्थिक लाभ की भी उम्मीद है।

इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से उत्तराखंड में पर्यटन को नया बढ़ावा मिलेगा। मसूरी सहित कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच अब और तेज व सुविधाजनक हो जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए इस प्रोजेक्ट को इस तरह तैयार किया गया है कि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

### केरल के मुख्यमंत्री पर राहुल गांधी का तीखा हमला

# पीएम मोदी से डरते हैं विजयन

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह अपने बच्चों को बचाना चाहते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरते हैं। गांधी ने फोर्ट कोच्चि में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के साथ समझौता किया है। उन्होंने साथ ही किसी का नाम लिए बिना विजयन की बेटी से कथित तौर पर जुड़े एक्सालॉजिक मामले का जिक्र किया। इस मामले में कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस के बीच अवैध वित्तीय लेनदेन के आरोप शामिल हैं, जो विजयन की बेटी वीणा के स्वामित्व वाली कंपनी थी और यह अब बंद हो चुकी है।



गांधी ने कहा, कौन सा पिता अपने बच्चों की रक्षा करने की कोशिश नहीं करेगा? लेकिन समस्या यह है कि आपने ऐसे कृत्यों की अनुमति दी है जिनके लिए अब सुरक्षा की आवश्यकता है। आपने ऐसे काम किए हैं जिनके लिए सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है कि वाम मोर्चे का नेता किसकी सुरक्षा चाहता है। गांधी ने आरोप लगाया, वह देश की सबसे दक्षिणपंथी ताकतों से संरक्षण मांग रहे हैं। केरल की राजनीति का यही स्वरूप है। उन्होंने दावा किया, मुख्यमंत्री अपने बच्चों को बचाने के लिए शासन व्यवस्था की बलि दे रहे हैं। उनके पिछले कार्यों ने उन्हें फंसा दिया है, जिसका खामियाजा केरल की जनता भुगत रही है। गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब वामपंथी संगठन नहीं रहा बल्कि देश की सबसे बदतर राजनीतिक ताकत के साथ सांठगांठ कर चुका है, जो लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाती है - चाहे वे ईसाई हों, मुस्लिम हों, सिख हों या जैन हों। उन्होंने इसे भारत के संविधान पर प्रत्यक्ष हमला बताया। गांधी ने कहा, मुख्यमंत्री उनके साथ कैसे खड़े हो सकते हैं? वामपंथी शिक्षा के बाद भी उन्हें शर्म क्यों नहीं आती? वे इस ताकत के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विजयन को केरल की जनता को जवाब देना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि वह अदाणी समूह और एप्स्टीन फाइलों से संबंधित मुद्दों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि शबरिमला मंदिर से सोने की चोरी की घटना पर मोदी की चुप्पी • शेष पृष्ठ 2 पर

## न्यूज ब्रीफ

### लुधियाना में बारिश से बढ़ रहा डेंगू का खतरा

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

महानगर में समय से पहले डेंगू का खतरा बना हुआ है जो बारिश से और बढ़ गया है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ-साथ ही मच्छरों का प्रकोप साफ देखने में नजर आ रहा था। शहर के हर हिस्से में मच्छरों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही थी अब इसमें और वृद्धि हो सकती है क्योंकि हर बारिश के बाद मच्छरों की संख्या बढ़ती है। अस्पतालों की रिपोर्ट की मानें तो डेंगू के मरीजों की संख्या 100 से पर हो चुकी है जबकि स्वास्थ्य विभाग 83 मरीजों को क्रॉस चैकिंग के नाम पर नैगेटिव करार दे चुका है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

किराए पर रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। इस मामले की गूंज बिहार तक पहुंची और वहां से आई एक %जीरो एफआईआर% ने लुधियाना पुलिस के गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। पुलिस ने आरोपी मनोवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता लुधियाना में किराए के मकान में रहती थी। उसी के पड़ोस में रहने वाले मन्नोवर नामक युवक के साथ काम करने और साथ रहने के कारण उसकी जान-पहचान हो गई।

### 2026 बैच के लिए नौकरियों की बारिश

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

जहां एक तरफ बड़े ढ्ढञ्ज और ढ्ढञ्जद्गस् सेक्टर में एंट्री-लेवल भर्तियों को लेकर सुस्ती की खबरें आ रही हैं, वहीं देश के छोटे शहरों (टियर 2 और 3) के इंजीनियरिंग कॉलेजों से राहत भरी खबर सामने आई है। साल 2026 बैच के लिए चल रहा प्लेसमेंट सीजन उम्मीद से कहीं बेहतर साबित हो रहा है। कई कंपनियों ने 2026 बैच के लिए नौकरियों की बारिश की है। वहीं कई संस्थानों ने पिछले साल के मुकाबले न सिर्फ ज्यादा प्लेसमेंट दिए हैं, बल्कि सैलरी पैकेज में भी उछाल दर्ज किया है।

### दुबई में ब्रिटिश फ्लाइट अटेंडेंट गिरफ्तार

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच United Arab Emirates (UAE) में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक 25 वर्षीय ब्रिटिश फ्लाइट अटेंडेंट को सिर्फ एक फोटो शेयर करने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, इस फ्लाइट अटेंडेंट ने Dubai International Airport (DXB) के पास ड्रोन हमले से हुए नुकसान की एक तस्वीर अपने निजी WhatsApp ग्रुप में शेयर की थी। उसने अपने साथियों से पूछा था कि क्या एयरपोर्ट के उस हिस्से से गुजरना सुरक्षित है।

# चंडीगढ़ भाजपा दफ्तर ग्रेनेड हमला केस सुलझा, 5 गिरफ्तार

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब पुलिस की काऊंटर इंटैलीजैंस विंग ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में चंडीगढ़ ग्रेनेड हमले के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस कार्रवाई में घटना में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड तथा एक .30 बोर जिगाना पिस्टल सहित गोला-बारूद बरामद किया गया। यह जानकार डी.जी.पी. गौरव यादव ने दी। यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलविंदर लाल उर्फ शामी (गांव माजरी, एस.बी.एस. नगर), जसवीर सिंह उर्फ जस्सी (गांव भरापुर, एस.बी.एस. नगर), चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी (गांव सुजावलपुर, एस.बी.एस .नगर), रुबल चौहान (गांव थाना, शिमला) और मनदीप उर्फ अभिजोत शर्मा (धूरी, संगरूर) के रूप में हुई है। डी.जी.पी. ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान की • शेष पृष्ठ 2 पर

# ईरान में गिरे अमेरिकी जेट का लापता पायलट सुरक्षित : ट्रंप

**वाशिंगटन/सत्ता संदेश**

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ट्रंप ने जानकारी दी है कि ईरान में गिराए गए अमेरिकी लड़ाकू विमान का लापता पायलट सुरक्षित बचा लिया गया है। यह पायलट उस समय लापता हो गया था, जब ईरान ने अमेरिकी विमान को मार गिराया था। इस विमान में दो सदस्य सवार थे, जिनमें से एक को पहले ही बचा लिया गया था, जबकि दूसरा कई दिनों से लापता था। ट्रंप के अनुसार, पायलट घायल जरूर है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है और वह जल्द ठीक हो जाएगा। बताया गया कि वह ईरान के पहाड़ी इलाकों में छिपा हुआ था, जहां से उसे खोजकर निकाला गया। अमेरिका ने इस बचाव अभियान के लिए बड़े स्तर पर ऑपरेशन चलाया, जिसमें दर्जनों विमान शामिल थे। सेना लगातार 24 घंटे पायलट की लोकेशन पर नजर रख रही थी और सही समय पर उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया।



यह घटना इसलिए भी अहम है क्योंकि यह • शेष पृष्ठ 2 पर

# आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी यूपी से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट और उत्तर प्रदेश एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ISIS के एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी कुशीनगर से की गई है। गिरफ्तार आतंकी की पहचान रिजवान अहमद के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, रिजवान अहमद साल 2015 से आईएसआईएस से जुड़ा हुआ था और भारत में इस आतंकी संगठन के लिए रिक्रूटमेंट का काम संभाल रहा था। कार्रवाई के दौरान आतंकी के पास से बम बनाने का सामान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और जेहादी लिटरेचर बरामद किया गया है। फिलहाल इन सभी सामग्रियों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों ने बताया कि रिजवान अहमद 2015 में आर्थर रोड जेल में आतंकी गतिविधियों के मामले में बंद रह चुका है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां उससे लगातार पूछताछ कर रही हैं और • शेष पृष्ठ 2 पर

# रेडिएशन फैला तो सिर्फ तेहरान नहीं, खाड़ी देश भी होंगे तबाह : विदेश मंत्री

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

मिडिल ईस्ट जंग को एक महीने से ज्यादा हो गया, जैसे-जैसे समय बीत रहा है वैसे-वैसे जंग एक भयानक रूप ले रही है। अमेरिका-इजरायल ने शनिवार 4 अप्रैल को ईरान के बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हुए हमला कर पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। इस अटैक के बाद ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर यह अटैक होते हैं तो यहां से निकलने वाला रेडिएशन तेहरान तक ही नहीं बल्कि खाड़ी के अन्य देश भी इसकी जद में आ जाएंगे। बता दें कि शनिवार सुबह हुए इस सैन्य हमले में ईरान के महत्वपूर्ण बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाया गया। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम के अनुसार, युद्ध की शुरुआत के बाद से इस प्लांट पर यह चौथा बड़ा हमला था। हमले के दौरान एक प्रोजेक्टाइल प्लांट के परिसर के पास गिरा, जिससे वहां स्थित इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस दुखद घटना में एक व्यक्ति की • शेष पृष्ठ 2 पर



### चोरों ने घर के ताले तोड़ मचाया तांडव

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

महानगर में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए अंदरूनी दरवाजों और अलमारियों के ताले तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर घर के अंदर रखी तिजोरी से नकदी और कीमती जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस को दिए बयानों में ज्योति नैय्यर ने बताया कि घटना 31 मार्च की है। • शेष पृष्ठ 2 पर

# 8 महीने पहले जबरन रूसी सेना में किया था भर्ती, मौत

**फतेहाबाद/सत्ता संदेश**

रूस की सेना में जबरन भर्ती करके यूक्रेन में युद्ध में धकेले गए फतेहाबाद जिले के गांव कुम्हारिया के 2 युवकों में से एक की मौत हो गई है। युवक अंकित जांगड़ा का शव दिल्ली पहुंचा, जहां से परिजन शव लेकर गांव कुम्हारिया में पहुंचे। गांव में आई डेडबॉडी कंकाल जैसी हो चुकी थी। शनिवार दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंकित जांगड़ा का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अंकित जांगड़ा के बड़े भाई रघुवीर जांगड़ा ने बताया कि परिवार के पास कल शुक्रवार को ही डेडबॉडी भारत भेजने की • शेष पृष्ठ 2 पर



# लुधियाना में मौत बनकर दौड़ी फॉर्च्यूनर पलटकर हुई चकनाचूर

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

सड़कों पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार तड़के बीआरएस नगर फ्लाईओवर के पास एक दिल दहला देने वाला हादसा पेश आया, जहां एक काले रंग की तेज रफ्तार टोयोटा फॉर्च्यूनर मौत बनकर दौड़ी और अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि फॉर्च्यूनर के परखच्चे उड़ गए और सुरक्षा के लिए लगे एयरबैग्स तक खुल गए। पूरी गाड़ी सड़क पर उल्टी पड़ी नजर आई, जिसे देख हर कोई दंग रह गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 2ञ्30 बजे के आसपास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो गाड़ी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि चालक उस पर काबू नहीं रख पाया। पुलिस जांच में एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस हादसे से कुछ ही देर पहले इसी काले रंग की फॉर्च्यूनर ने पीएयू गेट के पास भी एक अन्य वाहन को • शेष पृष्ठ 2 पर

### मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हुआ आरोपी

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

शहर में बेखौफ लुटेरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला चंडीगढ़ रोड का है, जहां एक शातिर लुटेरे ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता गगन मल्होत्रा के अनुसार, घटना 19 और 20 मार्च की मध्यरात्रि की है। जब समराला चौक से • शेष पृष्ठ 2 पर

# लोक भवन में राजस्थान, ओडिशा एवं बिहार के राज्य स्थापना दिवस आयोजित

**शिमला/सत्ता संदेश**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोक भवन में आयोजित राजस्थान, ओडिशा एवं बिहार के राज्य स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता एवं भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है।



राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथियों को भाईचारे एवं एकता की भावना के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली टोपी एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजस्थान, ओडिशा एवं बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन राज्यों से संबंधित सरकारी कर्मचारियों ने हिमाचल प्रदेश में अपने कार्यकाल एवं जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए, जिससे उन्हें यहां प्राप्त आत्मीयता, सहयोग एवं अपनत्व की भावना का पता चलता है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की शक्ति उसकी 'विविधता में एकता' में निहित है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी पहलें विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देकर देश की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करती हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि बिहार, राजस्थान एवं ओडिशा अपनी प्राचीन सभ्यताओं, समृद्ध इतिहास और जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध हैं। • शेष पृष्ठ 2 पर

# लुधियाना में डिलीवरी के दौरान गर्भवती महिला की गई जान

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

शिमलापुरी इलाके में उस समय हंगामा मच गया, जब यहां स्थित सीरत हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और डॉक्टरों पर इलाज में बड़ी कोताही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज की हालत को गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते सही इलाज मिल जाता या उन्हें सही जानकारी दी जाती, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। इस दुखद घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और वे डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

घटना से गुस्साए परिवार और उनके समर्थकों ने अस्पताल के मुख्य गेट • शेष पृष्ठ 2 पर

# एक भी आरोप सच नहीं : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर के पद से हटाने जाने पर सियासत तेज हो गई है। सत्ता पक्ष आप पर हमला वार है इस कार्रवाई को लेकर अरविंद केजरीवाल का तानाशाह बता रही है। इसी कड़ी में डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने के बाद राघव चड्ढा का रिएक्शन भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा लगाए गए तीनो में से एक भी सच नहीं है।



उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया है; मैं वहां सरकार पर दबाव डालने के लिए हूं, हंगामा करने के लिए नहीं। चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में इस आरोप को सरासर झूठ बताया कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बहिर्गमन नहीं किया। उन्होंने अपने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसा उदाहरण पेश करें जहां उन्होंने (बहिर्गमन में) भाग नहीं लिया हो, और कहा कि संसदीय कार्यवाही कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड की जाती है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के एक अन्य आरोप का खंडन करते हुए, चड्ढा ने कहा कि किसी भी पार्टी नेता ने औपचारिक या अनौपचारिक रूप से उनसे इस पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था। चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी के कई अन्य सांसदों ने भी इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

चड्ढा ने सोशल मीडिया पर अपने रिकॉर्ड का बचाव करते हुए कहा कि वह लगातार टोल और बैंक चार्ज, खाने में मिलावट, कंटेंट बनाने वालों पर टैक्स और डिलीवरी वर्कर की चिंताओं जैसे पब्लिक मुद्दे उठाते हैं। चड्ढा ने पूछा, ÷जब भी मुझे पार्लियामेंट में बोलने का मौका मिलता है, मैं पब्लिक के मुद्दे उठाता • शेष पृष्ठ 2 पर

# अफसर के साथ बहस पड़ा पंजाब पुलिस का एएसआई!

**फिरोजपुर/सत्ता संदेश**

फिरोजपुर सिटी थाने में एसएचओ और एएसआई के बीच तीखी बहस हो गई। इस बहस का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एएसआई गाड़ी में बैठे साह्र से बहस करता दिख रहा है। इस दौरान एक दूसरा पुलिसवाला उसे बांह से पकड़कर ले जाता है। फिलहाल, एएसआई और साह्र दोनों ही इस मामले को सीनियर अफसरों तक ले जाने की बात कर रहे हैं। दरअसल, ASI रमन ने बताया कि उसने किसी मामले में आरोपी को पकड़ा था। इस दौरान साह्र कश्मीर सिंह उसके कमरे में आया और उससे आरोपी को छोड़ने के लिए कहने लगा। इस पर ASI रमन ने कहा कि वह अभी आरोपी से पूछताछ कर रहा है। उसने आरोप लगाया कि साह्र उस व्यक्ति को जबरदस्ती छुड़ाकर ले गया। इस दौरान उसकी नेम प्लेट भी तोड़ दी गई। उसने कहा कि वह लोगों को इंसाफ • शेष पृष्ठ 2 पर

CMYK

## न्यूज़ ब्रीफ

### कर्नल जोगिंदर पाल शर्मा बने लीग के चेयरमैन

**दौलतपुर चौक/सत्ता संदेश**
क्षेत्र के ब्रह्मपुर स्थित ईसीएचएस परिसर में रविवार को इंडियन एक्स सर्विस लीग हिमाचल प्रदेश की दौलतपुर चौक-अंब इकाई (28) का चुनाव शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। धर्मशाला मुख्यालय की ओर से नियुक्त चुनाव प्रभारी आनरेरी कैप्टन बलजीत डढवाल (देहरा) की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई गई, जबकि उनके साथ सेवानिवृत कैप्टन रैंक के दो अन्य ऑब्जर्वर भी मौजूद रहे। कर्नल जोगिंदर पाल शर्मा के इलावा सूबेदार पूर्ण चंद शर्मा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया था।

### मालिंग में दिया बागबानी का प्रशिक्षण

**शिमला/सत्ता संदेश**
क्षेत्रीय बागबानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) शारबो किन्नौर के सह निदेशक डाक्टर प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में किसानों के लिए समशीतोष्ण फल उत्पादन में वैज्ञानिक बागबानी प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम किन्नौर जिला का दूरदराज क्षेत्र मालिंग गांव में लगाया। यह प्रशिक्षण केवीके द्वारा वर्ष 2021 में स्थापित उच्च घनत्व (हाई डेंसिटी) सेब पौधारोपण के एक विशिष्ट प्रदर्शन बाग में लगाया।

### प्रधानमंत्री ने परम पूज्य डॉ. श्री श्री श्री शिवकुमार स्वामीगलु को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज परम पूज्य डॉ. श्री श्री श्री शिवकुमार स्वामीगलु की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने कहा कि वे करुणा, विनम्रता और मानवता की अटूट सेवा के प्रतीक के रूप में सब की स्मृति में अमर हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन दूसरों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया और यह सिद्ध किया कि सच्ची महानता दूसरों की सेवा में निहित है। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक कल्याण और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान ने समाज पर अमिट छाप छोड़ी है।

# राष्ट्रपति ने डॉ. श्री श्री शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदन महोत्सव में लिया भाग



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (1 अप्रैल, 2026) कर्नाटक के तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में डॉ. श्री श्री शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदना महोत्सव में भाग लिया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत हमारे समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप हैं। यद्यपि उनका भौतिक शरीर 2019 में परम सत्ता में विलीन हो गया, फिर भी उनकी आध्यात्मिकता की धारा समाज और देश दोनों को सदा पोषित और संरक्षित करती रहेगी। उन्होंने अपने आध्यात्मिक कार्यों से मानवता को समृद्ध किया।

निर्धनों और वंचितों की सेवा के प्रति समर्पित उनका जीवन कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आध्यात्मिकता को अभिव्यक्त करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

राष्ट्रपति ने स्वामीजी के नेक कार्यों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए श्री सिद्धगंगा मठ की सराहना की। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मठ ने प्राथमिक विद्यालय स्तर से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन में उच्च शिक्षा तक की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि श्री शिवकुमार स्वामीजी के मार्गदर्शन में स्थापित श्री सिद्धगंगा अस्पताल आम जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।

राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि श्री सिद्धगंगा मठ समकालीन युग में सेवा और आध्यात्मिकता की सदियों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए उसे आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में ज्ञान के वरदान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। ज्ञान और शिक्षा व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की बुनियाद हैं। शिक्षा ही आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करती है। समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित छात्रों को शिक्षा प्रदान करके, मठ एक समावेशी समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान दे रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, जनसेवा और राष्ट्रसेवा आपस में जुड़े हुए हैं। आध्यात्मिकता जनसेवा और राष्ट्रसेवा दोनों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। कर्नाटक जनसेवा, राष्ट्रसेवा, आध्यात्मिकता और आधुनिक प्रगति के सबसे प्रभावशाली उदाहरणों की एक उत्कृष्ट मिसाल है। इसके लिए कर्नाटक के परिश्रमी और प्रतिभाशाली निवासियों की प्रशंसा की जानी चाहिए। कर्नाटक के लोगों ने राष्ट्र निर्माण में निरंतर अग्रणी योगदान दिया है।



# मुख्यमंत्री सुक्खू से पत्रकारिता विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**शिमला/सत्ता संदेश**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज यहां हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने छात्रों से संवाद किया और उन्हें सरकारी संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सुधारों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए अपने छात्र जीवन और विश्वविद्यालय के दिनों के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन में प्रवेश 17 वर्ष की आयु में हुआ, जब वे कक्षा प्रतिनिधि के रूप में चुने गए। इसके बाद उन्होंने एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। बाद में वे नगर निगम शिमला के पार्षद और फिर नादौन विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री पद तक पहुंच सकता है, जिसका उदाहरण उन्होंने अपने साधारण और गैर-राजनीतिक परिवार से आने के बावजूद अपनी जीवन यात्रा से दिया। उन्होंने छात्रों को राजनीति में सक्रिय भागीदारी और जनसेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी, सुरेश कुमार, हरीश जनारथा व विवेक शर्मा और प्रो. शशिकांत शर्मा भी उपस्थित थे।

# चक्रवात के पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
सरकार देश में मौसम पूर्वानुमान तकनीकों और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। चक्रवात पूर्वानुमान को बेहतर बनाने और डेटा प्रसार में सुधार के लिए समय-समय पर नई तकनीकें और प्रौद्योगिकियां प्रस्तुत की गई हैं। देश को ओडिशा सहित मौसम के लिए तैयार और जलवायु-स्मार्ट राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मिशन मौसम की शुरूआत की है।

वर्तमान में, ओडिशा में कुल 39 मानवयुक्त सतही मौसम विज्ञान वेधशालाएँ, 29 स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस), 136 स्वचालित वर्षामापी (एआरजी) और 6 उच्च पवन गति प्रदर्शक (एचडब्ल्यूएसआर) कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, छह हवाई अड्डों पर स्वचालित विमानन मौसम स्टेशन और दो मानवयुक्त वेधशालाएँ हैं। साथ ही, पारादीप और गोपालपुर में स्थित दो डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) चौबीसों घंटे चालू रहते हैं। इसके अतिरिक्त रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में भी डीडब्ल्यूआर स्थापित हैं। पूर्वी तट पर स्थित डीडब्ल्यूआर का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है। मंत्रालय मौसम और महासागर की स्थिति के पूर्वानुमान में बेहतर सटीकता प्राप्त करने के साथ-साथ समय पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने के लिए ओडिशा सहित एडब्ल्यूएस, एआरजी, एग्रो-एडब्ल्यूएस, डीडब्ल्यूआर, तटीय निगरानी स्टेशनों और अनुसंधान और विकास अवसंरचना सहित अवलोकन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। इस संबंध में, मंत्रालय का भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) प्रारंभिक चेतावनी सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर निरंतर प्रयास करता है।

# आसानी से आग बुझाने का हुनर सीखा

**ऊना/सत्ता संदेश**
ऊना अग्निशमन केंद्र की ओर से सोमवार को एडुपेस एजुकेशन संस्थान ऊना के स्टाफ व स्टुडेंट्स को आग से बचाव को लेकर जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया। बताया गया कि अगर किसी कारण आग लग जाती है तो किस प्रकार संस्थान में स्थापित अग्निशमन यंत्रों द्वारा आग पर नियंत्रण डालना है। किस आग पर कौन से यंत्र का प्रयोग करना है। इसी जागरूकता अभियान में फायर ब्रिगेड कर्मियों फायरमैन मुकेश कुमार ब अमित कुमार पर आधारित टीम ने मॉक ड्रिल की ओर स्टाफ व स्टुडेंट्स को आग के बारे में अलर्ट किया व अग्निशमन यंत्रों व सुरक्षा उपकरणों को चलाने के बारे में जानकारी दी।

होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट हितेश लखनपाल ने बताया कि आग के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है और सभी आग के प्रति हमेशा अलर्ट रहें। अग्निशमन केंद्र अधिकारी



सुरेश कुमार ने बताया कि फायर टीम द्वारा सोमवार को एडुपेस एजुकेशन संस्थान में आग बुझाने की ट्रेनिंग दी गई है। ताकि अपने आप को सुरक्षित रखते हुए मौका पर तैनात कर्मचारी आग लगने की स्थिति में संस्थान में लगे अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर प्रथम चरण में ही आग को बुझा सकें।

अग्निशमन अधिकारी ऊना सुरेश कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा जिला में शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों व उद्योगों समेत आग की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर आग बुझाने की ट्रेनिंग दी जा रही है , ताकी आग लगने की स्थिति में समय रहते अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर काबू पाया जा सके। वहीं होमगार्ड्स वाहिनी जिला ऊना के कमांडेंट हितेश लखनपाल ने बताया कि आग को लेकर जागरूकता अभियान लगातार जारी है । आग अचानक कभी भी लग सकती है । आग बुझाने के लिए पर्याप्त इंतजाम रखें। आग के प्रति हमेशा अलर्ट रहें।

## पृष्ठ 1 का शेष

**पीएम मोदी से...**
राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की मदद करने की कोशिश का संकेत देती है, जिसके नेताओं को इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। गांधी ने कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सत्ता में आने पर अपनी पांचों गारंटी लागू करेगा।

**चंडीगढ़ भाजपा दफ्तर...**
आई.एस.आई. द्वारा समर्थित था और पुर्तगाल तथा जर्मनी में बैठे विदेशी हैंडलर्स के निर्देशों पर काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी एक संगठित नैटवर्क का हिस्सा थे, जिसमें कई स्तरों पर कटआऊट्स और सब-मॉड्यूल शामिल थे, जिनके माध्यम से इस हमले को अंजाम दिया गया।

**ईरान में गिरे...**
फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद पहली बार था जब कोई अमेरिकी विमान ईरान के भीतर गिराया गया। इससे पहले A-10 Thunderbolt II को भी गिराए जाने की खबर सामने आई थी। इस बीच, ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी हेलीकॉप्टरों को भी निशाना बनाया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है। कुल मिलाकर, यह घटना दिखाती है कि मिडिल ईस्ट में हालात बेहद संवेदनशील हैं और दोनों देशों के बीच टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है।

**आईएसआईएस का...**
इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**रेडिएशन फैला तो...**
मौत हो गई है। इसके साथ ही, ईरान के पेट्रोकेमिकल हब महशहर पर भी हवाई हमले किए गए, जिसमें 5 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, इन हमलों पर अभी तक अमेरिका या इजरायल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि या प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**चोरों ने घर...**
अज्ञात चोरों ने बड़ी चालाकी से घर के भीतर प्रवेश किया और अंदर वाले कमरों के दरवाजों के लॉक तोड़ दिए। चोरों का मुख्य निशाना घर की अलमारियां थीं, जिन्हें खंगालने के बाद उन्होंने लॉबी में रखी तिजोरी को अपना निशाना बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार, चोरों ने अलमारी और तिजोरी के लॉक तोड़कर उसमें रखी भारी मात्रा में नकदी, सोने और चांदी के गहने चोरी कर लिए। वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया गया कि घर के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाए बिना चोर कीमती सामान समेट कर ले गए। घटना का पता तब चला जब परिवार ने कमरों के ताले टूटे हुए देखे और सारा सामान बिखरा पाया। सूचना मिलते ही थाना जमालपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

**8 महीने पहले...**
सूचना पहुंची थी। इसके बाद दिल्ली से डेडबॉडी लेकर आए हैं। डीएनए मैच होने से उसकी अंकित के रूप में पुष्टि हुई। हालांकि, गांव के दूसरे युवक विजय पूनिया का अभी कोई सुराग नहीं लगा है। रघुवीर जांगड़ा ने मांग की है कि भारत सरकार और रूस सरकार उसके छोटे भाई अंकित को शहीद का दर्जा दें। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। हमारे माता-पिता के बारे में सोचते हुए सरकार आर्थिक मदद भी प्रदान करें।

**लुधियाना में मौत...**
टक्कर मारी थी और वहां से चालक गाड़ी भगा ले गया था। माना जा रहा है कि उसी वारदात के बाद पकड़े जाने के डर से चालक गाड़ी को अंधाधुंध रफ्तार में भगा रहा था, जो अंत में हादसे का शिकार हो गई।

**मोबाइल और नकदी...**
चंडीगढ़ रोड की ओर जा रहा था, तभी प्रकाश ढाबे के पास स्थित रिलायंस डिजिटल कॉम्प्लेक्स के नजदीक एक झपटमार ने उसे निशाना बनाया। आरोपी की पहचान बलजीत के रूप में हुई है, जिसने अचानक हमला बोलकर पीड़ित से उसका मोबाइल फोन और नकदी से भरा पर्स छीन लिया और रफूचक्कर हो गया।

**लोक भवन में...**
एक-दूसरे की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को समझना राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है।

**लुधियाना में डिलीवरी...**
के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे यातायात और अस्पताल के कामकाज पर भी असर पड़ा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना शिमलापुरी की पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस अधिकारी पीड़ित परिवार को शांत करने और उन्हें इंसाफ का भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**एक भी आरोप...**
हूं। और शायद मैं ऐसे टॉपिक भी उठाता हूं जो आमतौर पर पार्लियामेंट में नहीं उठाए जाते। लेकिन क्या पब्लिक के मुद्दे उठाना क्राइम है? क्या मैंने कोई क्राइम किया है? क्या मैंने कोई गलती की है? क्या मैंने कुछ गलत किया है?

**अफसर के साथ...**
दिलाने के लिए पुलिस में भर्ती हुए हैं, लेकिन थाने में आकर ही उसकी बेइज्जती की गई है। ASI ने कहा कि वह यह मामला ऊपर के अधिकारियों के ध्यान में लाएंगे। दूसरी तरफ, SHO कश्मीर सिंह ने कहा कि थाना सिटी में लड़ाई-झगड़े का केस दर्ज हुआ था, जिसमें 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि इस केस की जांच में आरोपी बेगुनाह पाए गए।

# लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने दक्षिणी कमान संभाली

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने 1 अप्रैल, 2026 को दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ का स्थान लिया है, जिन्होंने आज से सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व-छात्र, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन जून 1988 में महार रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुए थे। लगभग चार दशकों तक फैले अपने विशिष्ट करियर के दौरान, उन्होंने विविध संचालन परिदृश्ये यों में कमान और स्टाफ पदों की एक विस्तृत श्रृंखला को संभाला है।

जनरल ऑफिसर ने अर्ध-विकसित भू-भाग में एक इन्फैंट्री बटालियन की कमान संभाली है, साथ ही दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में भी सेवाएं दी हैं। उन्होंने



स्ट्राइक कोर में एक इन्फैंट्री ब्रिगेड, काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और उत्तरी कमान में एक पिवट कोर की कमान संभाली है। उनके संचालन संबंधी अनुभव में ऑपरेशन पवन में भागीदारी, इथियोपिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा और नियंत्रण रेखा तथा उत्तर-पूर्व में अत्े यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में कई कार्यकाल शामिल हैं। वे महार रेजिमेंट के कर्नल भी हैं।

दक्षिणी कमान की बागडोर संभालने से पहले, उन्होंने दक्षिणी कमान मुख्यालय में चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने क्षमता विकास, बल पुनर्गठन और समग्र संचालन से जुडी तत्परता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जनरल ऑफिसर ने आर्मी वॉर कॉलेज में हायर कमांड कोर्स और केन्या में नेशनल डिफेंस कोर्स में भाग लिया है। उनकी विशिष्ट सेवाओं के सम्मान में उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक और सेना पदक से सम्मानित किया गया है।

कमान संभालने पर लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने दक्षिणी कमान युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और दक्षिणी कमान मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि कमान अपने विविध कार्यक्षेत्रों में संचालन तत्परता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी, जिनमें रेगिस्तान, रण और क्रीक सेक्टर, तटरेखा, द्वीपीय क्षेत्र और भीतरी इलाके शामिल हैं।

### रॉकलैंड पांगी टीम क्रिकेट में बनी चैंपियन

**शिमला/सत्ता संदेश**
स्वर्गीय जयराज बिष्ट एवं मनीष बिष्ट की पावन स्मृति में शुथानंग माटिंग युवक मंडल पुनांग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सुनील नेगी प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा जनजाति मोर्चा उपस्थित होकर विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में रॉकलैंड पांगी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पार्टन बॉयज कंगोस को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य प्रतियोगिता में उरनी ने प्रथम स्थान तथा चगांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

# स्वां के पुल पर टकराए गैस टैंकर-दो टिप्पर, लंबा जाम

**संतोषगढ़/सत्ता संदेश**
ऊना पुलिस थाना क्षेत्र के तहत संतोषगढ़ स्वां नदी पुल पर गैस टैंकर व दो टिप्परों में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में दोनों टिप्पर चालक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद एक घंटे से अधिक समय तक ट्रैफिक पूरी तरह से अवरुद्ध हो गए। वहीं सडक़ के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलते ही संतोषगढ़ पुलिस चौकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने मशीनों को बुलाकर तीनों वाहनों को एक तरफ किया। इसके उपरांत ट्रैफिक बहाल हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गैस टैंकर चालक सुनील कुमार निवासी डूंगरी करतारपुर (जालंधर) के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ख्वाजा मंदिर संतोषगढ़ के समीप स्वां नदी के पुल पर शनिवार सुबह 6 बजे के करीब टाहलीवाल की तरफ से आ रहे गैस टैंकर व संतोषगढ़ की तरफ से आ रहे एक टिप्पर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान टिप्पर के पीछे चल रहा एक अन्य टिप्पर भी आगे चल रहे टिप्पर से जा टकराया।

हादसे में दोनों टिप्परों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दोनों टिप्पर चालक इंद्रजीत सिंह पुत्र संतोख सिंह निवासी ठाकरां हरोली व दीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी डंगोली जिला ऊना घायल हो गए। इंद्रजीत सिंह को गंभीर चोटें आईं। जबकि दीप सिंह को संतोषगढ़ स्थित अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# नगरोटा कालेज के मेधावियों को छह लाख रुपए की जॉब

**नगरोटा बगवां/सत्ता संदेश**
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के बीबीए विभाग के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि कॉलेज के चार मेधावी विद्यार्थियों ने सोमवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सफलतापूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान कालेज की मुग्धा सैणी प्रथम, प्रियम और निखिल का चयन नोएडा की प्रतिष्ठित कंपनी फ्रेशर वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड में एचआर विभाग के लिए हुआ है। इन सभी विद्यार्थियों को छह लाख रुपए वार्षिक पैकेज के साथ नियुक्ति प्रदान की गई है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक पार किया। उनकी प्रतिभा, और संचार कौशल ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार सोनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट की भी विशेष व्यवस्था की जाती है।

# 'टाइड्स ऑफ टाइम : भारत'स हिस्ट्री थ्रू मुरल्सट इन पार्लियामेंट' पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष श्री सीपी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली के संविधान सदन में लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित और राज्यसभा सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। उपराष्ट्रपति ने सभा को संबोधित करते हुए इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और श्रीमती सुधा मूर्ति की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संसद की भित्ति चित्रों की शाश्वत सुंदरता और गहन प्रतीकात्मकता को बखूबी दर्शाया है। उपराष्ट्रपति ने पीढ़ियों से लोगों को इतिहास से जोड़ने के उनके प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संविधान सदन के भित्ति चित्र मात्र



कलाकृतियां नहीं हैं, बल्कि भारत की सभ्यतागत यात्रा को प्रतिबिंबित करने वाली दृश्य कथाएं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर में वैशाली से लेकर दक्षिण में कुडावोलाई प्रणाली तक, भारत में लोकतांत्रिक प्रथाएं निरंतर, समावेशी और समाज में गहराई से समाई हुई हैं। उन्होंने कहा कि ये परंपराएं एक व्यापक सभ्यतागत लोकाचार का हिस्सा हैं जो संवाद, सहमति और विविध विचारों के सम्मान को महत्व देता है, जिससे भारत को ÷लोकतंत्र की जननी÷ कहा जाता है। उपराष्ट्रपति ने महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती को उद्धृत करते हुए भारत की ज्ञान, गरिमा, दानशीलता और सांस्कृतिक गहराई की समृद्धि को रेखांकित किया और कहा कि इस तरह की नींव स्वाभाविक रूप से समावेशिता और सभी के लिए सम्मान को बढ़ावा देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संसद भवन में पारंपरिक प्रतीकों के समावेश की सराहना की। उन्होंने संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के संबोधन के दौरान चोल वंश के पवित्र सेन्गोल के औपचारिक प्रदर्शन का भी उल्लेख किया और इसे आधुनिक भारत को उसकी सभ्यतागत जड़ों से जोड़ने वाला एक सशक्त प्रतीक बताया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद एक जीवंत लोकतंत्र, संवाद, वाद-विवाद, असहमति और चर्चा के मूल सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यद्यपि चर्चा, वाद-विवाद और असहमति महत्वपूर्ण हैं, फिर भी अंततः इनका योगदान राष्ट्रीय हित में रचनात्मक निर्णय लेने में होना चाहिए।

## वाहनों की एंट्री पर टैक्स बढ़ोतरी को लिया वापस

लुधियाना/सत्ता संदेश
पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष व लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फ़ोन पर बातचीत कर वाहनों पर एंट्री टैक्स में की गई बढ़ोतरी के फैसले को वापस लेने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने हमारी अपील को स्वीकार करते हुए पंजाब समेत बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए एंट्री टैक्स को फिर से पुरानी दर पर लागू करने का निर्णय लिया है। वड़िंग ने कहा कि यह फैसला दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने बताया कि राज्य की सीमा से पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को दूसरे राज्य में प्रवेश के लिए मुफ्त एंट्री मिलेगी। राजा वड़िंग ने खुलासा किया कि हिमाचल के मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया है कि ये पास दोनों राज्यों के संबंधित एसडीएम/तहसीलदारों द्वारा जारी किए जा सकते हैं ताकि पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## स्वास्थ्य विभाग का एक्शन, अलग-अलग इलाकों से भरे फूड सैंपल

लुधियाना/सत्ता संदेश
जिला स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी टीम द्वारा ढंडारी, मॉडल टाउन, डुगरी, जौधी, शेरपुर चौक के इलाके में अलग–अलग फास्ट फूड आऊटलेट और रेस्टोरेंट, बेकरी, मिठाई की दुकानों और डेयरियों तथा इलाके में पड़ने वाले अस्पतालों का इंस्पेक्शन किया है। इस दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों से 21 फूड सैंपल एकत्रित किए। टीम ने शक्कर, पिस्ता, इस्तेमाल किया हुआ कुकिंग ऑयल, दाल मखनी, पनीर के दो सैंपल और गुड़ के सैंपलों सहित स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इन सैंपलों में उपरोक्त के अलावा 2 इस्तेमाल किया हुआ कुकिंग ऑयल, पनीर, बंता बॉटल ड्रिंक ,तैयार दाल, आटा, तैयार सब्जी, काला चना और मैदा, गुजिया और ढोढा के सैंपल शामिल है। डॉक्टर चावला के अनुसार सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेज दिया है।

# मलबे के ढेर में तब्दील हो गई इमारत, एक की मौत



लुधियाना/सत्ता संदेश
लुधियाना देहाती के गांव जोधां इलाके में मंगलवार रात उस समय चीख-पुकार मच गई, जब एक रिहायशी इमारत में चल रही एक अवैध पटाखा फैक्ट्री भीषण धमाके के साथ ताश के पत्तों की तरह ढह गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि इसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। इस दर्दनाक हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

मृतक मोहम्मद कैफ़ है। हालात की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड के अलावा सेना की टुकड़ी को भी मोर्चा संभालना पड़ा है।

घटना की जानकारी देते हुए फायर ऑफिसर रजिंदर ने बताया कि रात करीब 8:20 बजे सूचना मिली थी कि जोधां सरकारी स्कूल के पास एक बिल्डिंग ब्लास्ट के बाद गिर गई है। मुल्लांपुर और लुधियाना से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। मलबे से निकाले गए एक युवक को गंभीर हालत में लुधियाना के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक महिला और एक अन्य व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि इस %बेहड़े% यानी रिहायशी परिसर में गुपचुप तरीके से पटाखे बनाने का काम चल रहा था और हादसे के वक्त वहां 17 से 18 लोग मौजूद थे।

धमाके की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। लेकिन, मृतक युवक के पिता जमील का कहना है कि शाम को अचानक तेज आंधी चली और आसमानी बिजली गिरने से शॉर्ट सर्किट हो गया, जिसके तुरंत बाद सिलेंडर फट गया। हालांकि, प्रशासनिक जांच और मौके के हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। तहसीलदार कर्मजीत सिंह ने बताया कि यह पूरी इमारत एक ठेकेदार ने किराए पर ली हुई थी और यहां भारी मात्रा में पोटाश और अन्य विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी।

रिहायशी इलाके के बीचों-बीच मौत का यह सामान अवैध रूप से जमा किया गया था, जो इस बड़े हादसे का कारण बना। बिल्डिंग के मलबे में अभी भी विस्फोटक पदार्थ होने की आशंका के चलते सेना के अधिकारियों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है। सेना के अधिकारी पुष्प राज ने बताया कि अंधेरा होने और इमारत के पूरी तरह धराशायी होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में सावधानी बरती जा रही है। मौके पर अभी भी भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री पड़ी है, जिसे बुधवार सुबह सुरक्षित तरीके से हटाया जाएगा।

फिलहाल थाना जोधा की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आखिर घनी आबादी के बीच पटाखों का यह अवैध कारोबार किसकी शह पर फल-फूल रहा था।

# सरेबाजार चला गुंडागर्दी का नाच, मच गई अफरा-तफरी

लुधियाना/सत्ता संदेश
थाना डेहलों के अधीन पड़ते गांव खेड़ा में मंगलवार की देर रात उस वक्त दहशत फैल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन हमलावरों ने सरेआम गुंडागर्दी का नंगा नाच किया। हमलावरों ने न सिर्फ बेसबॉल के बैटों से दो भाइयों और उनके दोस्त पर हमला किया, बल्कि दहशत फैलाने के लिए ताबड़तोड़ गोलियां भी चलाईं। इस वारदात में एक युवक की टांग में गोली लगी है, जबकि दो अन्य बुरी तरह घायल हुए हैं। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए हमलावरों को हथियारों समेत दबोच लिया है।

जानकारी देते हुए अस्पताल में उपचाराधीन नवजोत सिंह के पिता परमजीत सिंह ने बताया कि वे गांव के गुरुद्वारे के पास दूध की डेयरी चलाते हैं। काम के चलते गांव के ही कुछ अन्य डेयरी संचालक उनसे पुरानी रंजिश रखते थे और इसी रंजिश का बदला लेने के लिए मंगलवार रात इस खूनी वारदात को अंजाम दिया गया। परमजीत सिंह के अनुसार, उनका बड़ा बेटा डेयरी पर दूध देने के बाद जब बाजार से सामान लेकर घर लौट रहा था, तभी गुरुद्वारे के पास कार सवार करीब आधा दर्जन युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने उस पर बेसबॉल के बैटों से हमला कर दिया और उसे जबरन गाड़ी में डालकर किडनैप करने की कोशिश करने लगे। जब बेटे का दोस्त गोल्डी उसे बचाने के लिए आगे आया, तो हमलावरों ने उसे भी बेरहमी से पीटा।

घटना की सूचना मिलते ही जब परमजीत सिंह अपने छोटे बेटे नवजोत के साथ मौके पर पहुंचे, तो हमलावरों के सिर पर खून सवार था। अपने आप को घिरता देख हमलावरों ने उन पर सीधी फायरिंग कर दी। करीब 4-5 राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली नवजोत की बाईं टांग में जा लगी और वह वहीं ढेर हो गया। वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत डेहलों के सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बड़े भाई और दोस्त गोल्डी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, लेकिन गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल नवजोत को रात लुधियाना के सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, सूचना मिलते ही हरकत में आई डेहलों पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर हमलावरों को पिस्तौल समेत हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मायके वालों के पहुंचने से पहले ही ससुरालियों ने किया अंतिम संस्कार

लुधियाना/सत्ता संदेश
गांव चौंता में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। इस घटना ने उस वक्त तूल पकड़ लिया जब मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या और साक्ष्य मिटाने के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि उनके पहुंचने से पहले ही ससुरालियों ने आनन-फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया, ताकि सच्चाई सामने न आ सके। इस मामले में थाना कुमकलां की पुलिस ने मृतक विवाहिता के पिता दलजीत सिंह की शिकायत पर आरोपी ससुरालियों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी आकी कौर, जीती, धर्मा सिंह, करमजीत सिंह, बाबा, और मासी भूड़ी एवं अन्य है।

पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी बेटी पूजा की शादी साल 2021 में चरणजीत सिंह के साथ हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन 27 मार्च की सुबह उनके लिए एक काल बनकर आई। पिता ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे उन्हें गांव चौंता से फोन आया कि उनकी बेटी पूजा की मौत हो गई है। खबर सुनते ही परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। मृतका के पिता ने तुरंत अपनी समधिन (पूजा की सास) अक्की को फोन किया और सख्त लहजे में कहा– हम घर से निकल चुके हैं, हमारे पहुंचने तक संस्कार मत करना।

परिजनों का आरोप है कि जब वे गांव चौंता पहुँचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। उनके मना करने के बावजूद ससुराल पक्ष ने पूजा का अंतिम संस्कार कर दिया था। पिता ने रोते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत प्राकृतिक नहीं है। पूजा को ससुराल परिवार द्वारा सोची-समझी साजिश के तहत मारा गया है। साक्ष्य मिटाने की नीयत से उनके पहुंचने से पहले ही दाह-संस्कार कर दिया गया।

# खुले में कूड़ा जमा रहने की समस्या : सफाई कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन



लुधियाना/सत्ता संदेश
लुधियाना नगर निगम द्वारा खुले में कूड़ा जमा रहने की समस्या का हल करने के नाम पर जो कॉम्पैक्टर सिस्टम लगाया गया था, वह पूरी तरह से फेल हो चुका है। इसके विरोध में सफाई कर्मचारियों द्वारा लुधियाना के प्रताप चौक पर धरना प्रदर्शन करते हुए ट्रैफिक जाम किया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए यूनियन लीडर विपिन कल्याण ने बताया कि जो सफाई कर्मचारी कूड़े की डोर-टू-डोर कलेक्शन करते लाते हैं उन्हें कॉम्पैक्टर पर कूड़ा नहीं फैंकने दिया जा रहा और तंग-परेशान किया जा रहा है। पूरे शहर के 95 वार्डों के लिए सिर्फ 32 कॉम्पैक्टर लगाए गए हैं। एक कॉम्पैक्टर में एक ही मशीन है। जब मशीन डंप पर कूड़ा छोड़ने जाती है तो बाद में सफाई कर्मचारियों को कूड़े की रेहड़ियां लेकर काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

सफाई कर्मचारियों की यूनियन ने यह आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा कूड़े की डोर-टू-डोर लिफ्टिंग का काम प्राइवेट कंपनी को देने की कोशिश की जा रही है। इस कारण डोर-टू-डोर कलेक्शन करने वाले कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। इन कर्मचारियों द्वारा मेयर के खिलाफ नारेबाजी की गई। इन कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या का हल नहीं हुआ या डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का काम किसी प्राइवेट कंपनी को दिया गया तो भारत नगर चौक लुधियाना में जाम लगाया जाएगा और आने वाले दिनों में मेयर कमिश्नर के घर के बाहर प्रदर्शन भी किया जाएगा।



# वाहन चालकों को महंगाई का झटका : पंजाब में सफर हुआ महंगा

लुधियाना/सत्ता संदेश
वाहन चालकों को महंगाई का झटका लगा है। बता दें कि आज से पंजाब में सफर करना महंगा हो गया है। NHAI द्वारा नए टोल टैक्स रेट जारी किए हैं। इसके बाद पंजाब के करीब सभी टोल में रेटों में कम से कम 5 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। NHAI द्वारा देश के सबसे महंगे लाडोवाल टोल प्लाजा के रेट फिर रेट बढ़ा दिए हैं। यहां 5 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बता दें कि लाडोवाल टोल प्लाजा में पहले जीप और कार ड्राइवरों को 220 रुपये फीस देनी पड़ती थी, लेकिन अब उन्हें 225 रुपये देने होंगे। इसके साथ ही कार और जीप से जाने और वापिस आने के लिए 335 रुपये टोल देना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें 340 रुपये देने होंगे। 1 अप्रैल से लाडोवाल टोल प्लाजा पर कोई भी चालक कैश देकर भुगतान नहीं कर सकता अब सिर्फ फास्टैग से ही टोल देना होगा। जिस वाहन पर फास्ट टैग नहीं होगा उन्हें गुजरने नहीं दिया जाएगा और चालकों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## मूसेवाला का पूर्व मैनेजर शगनप्रीत का पिता गिरफ्तार

लुधियाना/सत्ता संदेश
दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पूर्व मैनेजर शगनप्रीत सिंह के पिता को खन्ना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने सौदागर सिंह सराओ को पायल इलाके से दबोचा है। आरोपी पर एक आढ़ती को फोन कर रकम मांगने का आरोप है। पुलिस जांच के अनुसार, पायल क्षेत्र के एक आढ़ती को कॉल कर 1 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर डोनी बल बताया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की, जिसमें खुलासा हुआ कि इस फिरौती की साजिश ऑस्ट्रेलिया में बैठे शगनप्रीत सिंह और उसके पिता सौदागर सिंह द्वारा रची गई थी। सबूतों के आधार पर पुलिस ने सौदागर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# दोस्तों के साथ मनाली गए युवक की इलाज न होने से मौत

लुधियाना/सत्ता संदेश
अपनों की बेरुखी और वक्त पर इलाज न मिलना एक परिवार के लिए उम्र भर का दर्द बन गया। मनाली में काम के सिलसिले में गए एक 36 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि घायल होने के बावजूद उसके साथ गए दोस्तों ने उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और लुधियाना लाते समय इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान मंदीप शर्मा (36) के रूप में हुई है। इस मामले में थाना जमालपुर की पुलिस ने मृतक के दोस्त अजय और रोहित के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक के भाई अमनदीप सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मंदीप शर्मा बीती 28 मार्च को अपने दो दोस्तों अजय शर्मा और रोहित वर्मा के साथ किसी काम के सिलसिले में मनाली गया था। परिजनों का आरोप है कि मनाली में प्रवास के दौरान मंदीप शर्मा को गंभीर चोट लग गई थी। कायदे से उसके दोस्तों को उसे तुरंत मनाली के नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाना चाहिए था, लेकिन आरोप है कि अजय और रोहित ने उसे वहां इलाज नहीं दिलवाया। हालत गंभीर होने पर उसे लुधियाना लाया गया।

मंदीप को 29 मार्च की रात करीब 8:30 बजे लुधियाना के फोर्टिस अस्पताल में दाखिल करवाया गया। लेकिन तब तक उसकी स्थिति काफी नाजुक हो चुकी थी। डॉक्टरों की कड़ी मशक्कत के बावजूद, इलाज के दौरान मंदीप ने दम तोड़ दिया।भाई के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पार्किंग का मामला : दर्जन के करीब युवकों ने मचाया कोहराम

लुधियाना/सत्ता संदेश
हैबोवाल इलाके में देर रात घर के बाहर कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक ने गोली चला दी, जिस कारण एक व्यक्ति जख्मी हो गया । इतना ही नहीं गुस्साए लोगों ने जख्मी हुए युवक व उसके परिवार पर फिर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया जिस कारण महिला समेत दो अन्य लोग जख्मी हो गए । जब आस पास के लोग इक्ट्ठे हो गए और पुलिस को सूचित किया तो हमलावर मौके से फरार हो गए । जख्मियों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

सिविल अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे कमल पवार ने बताया कि वह मंगलवार की रात को अपने बहन के घर गया था और उनके घर के बाहर पड़ोसी की कार पार्क की हुई थी तो उसने उन लोगों को कार हटाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर पड़ोसी ने गाली गलौच करना शुरू कर दिया । पड़ोसी ने इसी दौरान दर्जन के करीब अपने साथियों को बुला लिया । उन युवकों मे से एक युवक ने आते ही उन पर फायर कर दिया, लेकिन गोली उनकी दाई बाजू को छू कर निकल गई । जब अन्य लोगों ने उनके परिवार पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसकी बहन व जीजे को भी जख्मी कर दिया । जब लोग बीच बचाव के लिए आए तो हमलावर उन्हें नतीजे भुगतने की धमकियां देते हुए फरार हो गए । मामले को लेकर पुलिस को सूचित किया गया है।

# हलवारा एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट का ऐलान



लुधियाना/सत्ता संदेश
पंजाब के लुधियाना शहर के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हलवारा एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट 15 मई को उड़ान भरेगी। यह फ्लाइट लुधियाना से दिल्ली के बीच संचालित होगी। इसकी पुष्टि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिल्ली-लुधियाना फ्लाइट की टिकट भी शेयर की। लुधियाना में एयरपोर्ट की मांग कई वर्षों से उठती रही है। इससे पहले साहनेवाल एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। इसके बाद माछीवाड़ा और लाडोवाल में एयरपोर्ट बनाने की मांग भी उठी, मगर कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। अंततः चंडीगढ़ की तर्ज पर हलवारा में एयरपोर्ट बनाने का फैसला लिया गया। हालांकि हलवारा एयरपोर्ट का निर्माण करीब एक साल पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन जरूरी मंजूरी मिलने में देरी हुई। इसके बाद 1 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि मार्च या अप्रैल से उड़ानें शुरू हो जाएंगी, लेकिन अब 15 मई की तारीख तय कर दी गई है। फ्लाइट शेड्यूल के अनुसार, यह उड़ान सुबह 5.55 बजे दिल्ली से रवाना होगी और 7.40 बजे लुधियाना पहुंचेगी। वहीं, वापसी में यह फ्लाइट दोपहर 12.55 बजे लुधियाना से उड़ान भरकर 2.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस नई फ्लाइट सेवा के शुरू होने से लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों के लोगों में खुशी की लहर है। खासकर उद्योग जगत को इससे बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है, क्योंकि अब तक यात्रियों को उड़ान के लिए श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जाना पड़ता था। अब हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि लुधियाना की इंडस्ट्री और व्यापार को भी नई गति मिलने की संभावना है।

## इंसानियत शर्मसार : 8 साल के बच्चे से दरिंदगी की हदें पार

**लुधियाना/सत्ता संदेश** : हैबोवाल के इलाके में दो नाबालिग 8 साल के बच्चे को धमका कर उसके साथ बार बार कुकर्म करते रहे। जब बच्चे की हालत बिगड़ी तो परिवार को इस बात का पता चला, जिस पर बच्चे की मां ने थाना हैबोवाल की पुलिस को सूचित किया। जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिगों के खिलाफ बच्चे की मां के बयान पर पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। इंस्पैक्टर कृष्ण लाल ने बताया कि बच्चे का मेडिकल भी करवाया गया है और उसके बयान भी दर्ज किए गए है। आरोपियों को काबू करने के लिए रेड की जा रही है, जिन्हें जल्द ही काबू कर लिया जाएगा। गौर है कि बार बार शिकायत करने पर भी पुलिस मामले में ढीली कार्रवाई कर रही थी, जब परिवार की तरफ से पुलिस पर दबाव बनाया गया तो पुलिस ने कार्रवाई की। बच्चे की मां ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है और उसके दो बच्चे हैं। वह खुद रोजी रोटी कमाती हैं। उसका छोटा बेटा 8 साल का एल.के.जी. क्लॉस में पढ़ता है। चार दिन पहले उसके बेटे की तबीयत अचानक खराब हो गई और वह बार बार अपने गुप्तांग में दर्द होने की शिकायत कर रहा था तो वह उसे डॉक्टर के पास ले गई।

## मिड-डे-मील : शनिवार को विद्यार्थी चखेंगे साबुत माह की दाल का स्वाद

**लुधियाना/सत्ता संदेश** : पंजाब स्टेट मिड–डे–मील सोसाइटी की ओर से पी.एम. पोषण स्कीम के तहत स्कूलों में दिए जाने वाले दोपहर के भोजन (मिड–डे–मील) के लिए साप्ताहिक मेन्यू जारी आकर दिया है। यह नया मेन्यू 1 से 30 अप्रैल तक लागू रहेगा। सोसाइटी के जनरल मैनेजर द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्कूल के विद्यार्थियों को कतार में बिठाकर मिड–डे–मील इंचार्ज की निगरानी में मेन्यू के अनुसार खाना खिलाना यकीनी बनाया जाए। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी स्कूल में मेन्यू का पालन नहीं किया जाता या नियमों की अनदेखी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल मुखी की होगी। इसके अलावा तिथि भोजन के तहत गांव के सरपंच या दानी सज्जनों के सहयोग से विशेष अवसरों, त्यौहारों या जन्मदिन पर विद्यार्थियों को फल, मिठाई या विशेष भोजन देने के प्रयास करने के लिए भी कहा गया है।

## नकली डोप टेस्ट सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**दोराहा/सत्ता संदेश** : खन्ना पुलिस ने समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ अपनी मुहिम में एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए नकली डोप टेस्ट और सर्टिफिकेट बनाने वाले गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सिविल हॉस्पिटल खन्ना के एसएमओ ने 27 मार्च, 2026 को सूचना दी थी कि कुछ लोग मिलकर नकली डोप टेस्ट और सर्टिफिकेट बनाने का गैर–कानूनी धंधा कर रहे हैं, जिसके आधार पर थाना सिटी–2 खन्ना में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 28 मार्च को लुधियाना निवासी रमेश कुमार उर्फ टोनी और 30 मार्च को खन्ना निवासी मोहित कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में नकली डॉक्यूमेंट और स्टैम्प बरामद हुए हैं, जिसमें 8 ओपीडी स्लिप, 27 आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सिविल हॉस्पिटल के एसएमओ, मेडिकल ऑफिसर और साइकोलॉजिस्ट के नकली स्टैम्प शामिल हैं। इसके अलावा स्टैम्प पैड और स्टैम्प बनाने में इस्तेमाल होने वाला दूसरा सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से अच्छी तरह पूछताछ की जा रही है और आने वाले दिनों में इस मामले में और भी अहम खुलासे होने की उम्मीद है।

## पंजाब में अध्यापकों के लिए नई सिरदर्दी

**लुधियाना/सत्ता संदेश** : पंजाब के सरकारी स्कूलों के अध्यापक इन दिनों दोहरी और तिहरी ड्यूटियों के बोझ तले दबे हुए हैं। एक ओर शिक्षा विभाग अध्यापकों की ड्यूटियां पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं की आंसर शीट्स की चैकिंग के लिए लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी स्कूली अध्यापकों को सरकार की विभिन्न स्कीमों की ड्यूटी बजाने के लिए भेज रहे हैं। यही बस नहीं चुनाव अधिकारियों द्वारा कई अध्यापकों को तो चुनावी कार्य निपटाने के लिए बुलाने के लिए बार–बार उनके स्कूलों में पत्र भेजे जा रहे है। हालात यह बन गए हैं कि आखिर डी.ई.ओ. को डी.सी. को पत्र लिखना पड़ा कि जिन अध्यापकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं की चैकिंग के लिए मार्किंग सैंटर में लगाई गई है, को किसी अन्य कार्य हेतु न बुलाया जाए अन्यथा परीक्षाओं का काम देर होने के वजह से रिजल्ट भी देर हो सकते हैं। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के चुनाव अधिकारियों के बीच अध्यापकों की ड्यूटियों को लेकर एक तरह की कोल्ड वार शुरू हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी (सैकेंडरी) डिम्पल मदान ने डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर अध्यापकों को प्रशासनिक और चुनावी ड्यूटियों से छूट देने की रिक्वैस्ट की है। डी.ई.ओ. का कहना है कि बोर्ड पेपरों की मार्किंग की प्रक्रिया पूरी तरह समय–बद्ध है ताकि नतीजे समय पर घोषित किए जा सकें और विद्यार्थियों का अगला एकेडमिक सैशन प्रभावित न हो।

## शिक्षा विभाग के फैसलों के खिलाफ डी.टी.एफ. खोलेगी मोर्चा

**लुधियाना/सत्ता संदेश** : डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (डी.टी.एफ.) पंजाब ने टीईटी के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है। डी.टी.एफ. के जिला अध्यक्ष दलजीत सिंह समराला ने बताया कि प्रदेश कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग में जबरन थोपे गए टी.ई.टी. के मसले पर पंजाब सरकार के रवैये की सख्त निंदा की गई। जिला जनरल सचिव हरजीत सिंह सुधार ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने मीटिंगों में वादा किया था कि टी.ई.टी. फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन डाली जाएगी और विधानसभा में अध्यापकों के पक्ष में बिल पास किया जाएगा। इसके विपरीत शिक्षा विभाग द्वारा अध्यापकों की सुरक्षा करने वाले 2017 के नोटिफिकेशन को रद्द करना और हाई कोर्ट में शिक्षा विभाग के डायरेक्टर द्वारा हलफनामा देना कि बिना टी.ई.टी. पास किए प्रमोशन नहीं होगी, सरकार की वादाखिलाफी को दर्शाता है। सीनियर उपाध्यक्ष दविंदर सिंह सिद्धू, उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह हेरां, संयुक्त सचिव गुरप्रीत सिंह खन्ना, वित्त सचिव गुरबचन सिंह खन्ना और प्रेस सचिव होशियार सिंह ने बताया कि 14 अध्यापक जत्थेबंदियों द्वारा टी.ई.टी. के खिलाफ 6 और 7 अप्रैल को जिला स्तर पर सरकार की अर्थी फूंकी जाएगी, जिसमें डी.टी.एफ. पंजाब भरपूर शिरकत करेगा।

CMYK

## संपादकीय

### प्रगति की परीक्षा

# मिट्टी के तेल की वापसी

29 मार्च 2026 को केंद्र सरकार ने एक अस्थायी लेकिन याद दिलाने वाला फैसला लिया। मिडिल ईस्ट (ईरान-अमेरिका-इजराइल तनाव) में चल रहे संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर शिपिंग रूट प्रभावित होने से एलपीजी की सप्लाई चेन बाधित हुई तो सरकार ने पीडीएस केरोसिन (मिट्टी का तेल) को 60 दिनों के लिए फिर सक्रिय कर दिया। 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (जिन्हें पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किया जा चुका था, जैसे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि) में अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर पीडीएस सुपीरियर केरोसिन का एड-हॉक आवंटन किया गया। चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर भी इसके बिक्री की अनुमति दी गई।

यह फैसला जरूरी था, लेकिन साथ ही सोचने पर मजबूर करने वाला भी है। हम पिछले दो दशकों से स्वच्छ ईंधन की दिशा में तेजी से बढ़ रहे थे। उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को एलपीजी सिलेंडर दिए गए। धुआँ-मुक्त रसोई, महिलाओं का स्वास्थ्य सुधार और पर्यावरण संरक्षण — ये सब उपलब्धियां थीं। मिट्टी का तेल धीरे-धीरे रसोई से गायब होता जा रहा था। अब अचानक पुराना साथी लौट आया है। प्राइमस स्टोव, धुआँ, आंखों में जलन और उस पुरानी गंध — ये सब यादें ताजा हो रही हैं।

**वैश्विक निर्भरता की कीमत**

भारत एलपीजी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है, और उसमें भी बड़ा हिस्सा मिडिल ईस्ट से आता है। जब वह क्षेत्र अस्थिर होता है, तो घरेलू रसोई तक असर पहुंच जाता है। यह घटना हमें याद दिलाती है कि ऊर्जा सुरक्षा अभी भी हमारी कमजोरी है। हम कितना भी सोलर, बायोगैस या पीएनजी बढ़ाएं, लेकिन आयात पर इतनी निर्भरता बनी रही तो कभी-कभी पुराने विकल्पों की शरण लेनी पड़ेगी।

सरकार का यह कदम तात्कालिक राहत के लिए सही है। बीपीएल और गरीब परिवारों को खाना पकाने और रोशनी के लिए विकल्प मिलेगा। पेट्रोल पंपों पर उपलब्धता बढ़ाने से पहुंच आसान होगी। लेकिन साथ ही कुछ सवाल भी उठते हैं :

- क्या हमने स्वच्छ ईंधन संक्रमण को पर्याप्त मजबूती से तैयार किया था?
- क्या रिफाइनरियों की क्षमता और घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए था?
- ब्लैक मार्केटिंग और अनुचित वितरण की आशंका से कैसे निपटा जाएगा?

**सकारात्मक पक्ष**

यह भी एक सबक है। मिट्टी का तेल पूरी तरह खराब नहीं है — आपात स्थिति में यह जीवनरक्षक साबित हो सकता है। लेकिन लंबे समय में हमें इससे आगे निकलना होगा। इंडक्शन कुकर, पीएनजी नेटवर्क विस्तार, बायोमास पेलेट्स और सोलर कुकर जैसी तकनीकों को तेजी से बढ़ावा देना चाहिए। पंजाब-हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्यों में बायोगैस प्लांट और फसल अवशेष से ईंधन बनाने की संभावनाएं भी तलाशी जा सकती हैं।

लुधियाना जैसे औद्योगिक शहर में जहां होटल-ढाबों की संख्या ज्यादा है, वहां कमर्शियल एलपीजी पर दबाव पहले से ही दिख रहा है। आम घरों में अगर एलपीजी डिलीवरी में देरी हो रही है तो केरोसिन बैकअप के रूप में काम आएगा, लेकिन सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। पुराने स्टोव लीकेज वाले हो सकते हैं।

अंत में, यह दौर हमें सिखाता है कि प्रगति रैखिक नहीं होती। कभी-कभी पुराने पथ पर लौटना पड़ता है ताकि नई राह मजबूत बनाई जा सके। सरकार को इस 60 दिनों का उपयोग करके ऊर्जा आयात कम करने, घरेलू उत्पादन बढ़ाने और स्वच्छ विकल्पों को और सुलभ बनाने की ठोस योजना बनानी चाहिए। ताकि अगली बार किसी वैश्विक तूफान में मिट्टी के तेल वाला दौर दोबारा न लौटे।

मिट्टी का तेल सिर्फ ईंधन नहीं, हमारी ऊर्जा नीति की परीक्षा भी है। इसे सफलतापूर्वक पार करना होगा — स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की राह पर।

**- जितेंद्र कुमार, सम्पादक**

# चौथी पनडुब्बी रोधी उथले पानी की नौका-एग्रे नौसेना में शामिल

कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) में से चौथा, एग्रे, 30 मार्च 2026 को कोलकाता में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

कोलकाता के जीआरएसई द्वारा भारतीय जहाजरानी रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अनुसार इन एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी का डिजाइन और निर्माण किया गया है, जो स्वदेशी रक्षा जहाज निर्माण की सफलता को रेखांकित करता है।

लगभग 77 मीटर लंबे ये जहाज जलजेट द्वारा संचालित भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत हैं और अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और उथले पानी के सोनार से सुसज्जित हैं, जो पानी के नीचे के खतरों का प्रभावी ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम बनाते हैं। इस जहाज के शामिल होने से भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी और बारूदी सुरंग रोधी क्षमताओं के साथ-साथ तटीय निगरानी में और वृद्धि होगी।

यह जहाज पूर्व के आईएनएस एग्रे का पुनरोद्धार है, जो 1241 पीई श्रेणी के गश्ती पोतों में से चौथा था और जिसे वर्ष 2017 में सेवामुक्त कर दिया गया था। इस प्रकार यह प्रतिष्ठित विरासत वाले नामों को बनाए रखने की नौसेना की परंपरा को जारी रखता है।

एग्रे की डिलीवरी भारतीय नौसेना द्वारा स्वदेशी जहाज निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सरकार के %आत्मनिर्भर भारत% के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह जहाज घरेलू रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम की बढ़ती शक्ति और आयात पर निर्भरता कम करने के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

सत्ता संदेश

RNI : PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूजपेपर 'सत्ता संदेश' (हिन्दी साप्ताहिक), ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558/1 अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल अस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब - 141008 से छपवाकर अपने आफिस पीएल-42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब - 141015 से प्रकाशित किया।

Publisher, Editor, Owner Jitender Kumar and Printer ASHMEET SINGH Newspaper Title 'SATTA SANDESH' (HINDI WEEKLY), Printed at Munjal Printers 1558/1 Amarpura Mata Wali Gali, Near Civil Hospital, Ludhiana, Punjab - 141008 and Published from PL 42, Vardhman Park, Chandigarh Road, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab - 141015

M. + 91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

# भारत के ओलंपिक सपनों की ओर एक मजबूत कदम

भारत की खेल यात्रा अद्भुत विविधता से भरी हुई है। उत्तर-पूर्व के पहाड़ों से लेकर मध्य भारत के जंगलों तक, हमारे देश के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है। खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत को अब आठ वर्ष हो चुके हैं, और इतने कम समय में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल, बीच गेम्स और विंटर गेम्स जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से, खेलो इंडिया ने देशभर के युवा खिलाड़ियों की विविध प्रतिभाओं को पहचानने और उभारने में सफलता प्राप्त की है।


खेलो इंडिया जनजातीय खेल (केआईटीजी) का समावेश इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका पहला संस्करण 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में सात पदक खेल शामिल होंगे—एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन , तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इन खेलों का आयोजन बस्तर क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों, जो प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र का हिस्सा हैं, के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र, रायगढ़ और मानपुर जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह केवल एक और खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को व्यापक बनाते हुए हर खिलाड़ी तक अवसर पहुँचाना है—चाहे वह किसी भी भौगोलिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो। सीधे शब्दों में कहें तो यह हाशिए पर पड़े खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।

जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने लंबे समय से देश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान के महान तीरंदाज लिम्बा राम से लेकर झारखंड की तीरंदाजी स्टार दीपिका कुमारी तक, और अनेक हॉकी खिलाड़ियों से लेकर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू तक, उनकी उपलब्धियाँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। ये उदाहरण इन क्षेत्रों में निहित अपार संभावनाओं को दर्शाते हैं।

कई जनजातीय क्षेत्र ऐसे भी हैं जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए पहचान और विकास के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में, इन क्षेत्रों में संगठित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का कार्य करता है। यह अनिश्चितता को अवसर में और अलगाव को समावेशन में बदलने का प्रयास है।

वास्तव में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण—खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत—आज साकार हो रहा है। खेल आज एक सशक्त माध्यम और समान अवसर प्रदान करने वाला



डॉ. मनसुख मांडविया

साधन बन चुका है, जो वंचित वर्गों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देता है। जनजातीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया का विस्तार इसी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है और यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का आयोजन स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इससे जनजातीय क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन होगा, साथ ही स्थानीय कोच, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों को दैनिक जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर एक स्थायी और समावेशी खेल संस्कृति विकसित हो सके।

ये खेलो इंडिया जनजातीय खेल केवल एक बार आयोजित होने वाला आयोजन नहीं हैं, बल्कि इन्हें खेलो इंडिया के वार्षिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिया जाएगा। इससे देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों को निरंतर और नियमित मंच मिलेगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक संस्करण के साथ ये खेल व्यापक खेलो इंडिया (इकोसिस्टम) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेंगे। इस दृष्टि से, जनजातीय खेल केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक समृद्ध खेल संसार में प्रवेश का द्वार हैं।

इन खेलों के माध्यम से हम प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय कोच, उच्च प्रदर्शन निदेशक और भारतीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ इन खेलों में उपस्थित रहेंगे। चयनित खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए भाखेप्रा केंद्रों में भेजा जाएगा, जिससे वे अपने खेल करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।

जैसे-जैसे भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है, वैसे-वैसे प्रतिभाओं का दायरा बढ़ाना और भी आवश्यक हो जाता है। इसका अर्थ है देश के हर कोने तक पहुँचना और यह सुनिश्चित करना कि हर युवा खिलाड़ी—विशेषकर जनजातीय समुदायों से—अवसरों से वंचित न रहे। जनजातीय खेलों की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है और यह भारत के विकसित होते खेल तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

खेल उत्कृष्टता की यात्रा अक्सर उन गाँवों और समुदायों से शुरू होती है जहाँ सपने तो होते हैं, लेकिन अवसर सीमित होते हैं। खेलो इंडिया जनजातीय खेलों के माध्यम से, सरकार खेल को इन्हीं क्षेत्रों तक पहुँचा रही है। इस प्रक्रिया में हम न केवल भविष्य के चैंपियनों को खोज रहे हैं, बल्कि भारत की प्रतिभा श्रृंखला को भी सशक्त बना रहे हैं, ताकि हम एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें और 2036 तक शीर्ष 10 तथा 2047 तक शीर्ष 5 खेल राष्ट्र बनने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को साकार कर सकें।

**(लेखक भारत सरकार में युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं।)**

# किसानों के लिए ऋण तक पहुंच और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा

सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की उपलब्धता बढ़ाकर और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में इसके डिजिटल निर्गमन को बढ़ावा देकर लघु एवं सीमांत किसानों सहित किसानों को समर्थन देने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इन उपायों में मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल हैं:-

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों को जारी किए गए प्राथमिकता क्षेत्र दिशानिर्देश और सरकार द्वारा बैंकों के लिए निर्धारित जमीनी स्तर के कृषि ऋण (जीएलसी) लक्ष्य, किसानों के बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और कृषि ऋण कवरेज को विस्तारित करने में प्रमुख नीतिगत साधन के रूप में कार्य करते हैं। आरबीआई द्वारा जारी प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबीएस) सहित वाणिज्यिक बैंकों (वेतनभोगी बैंकों को छोड़कर) को अपने समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) या ऑफ-बैलेंस शीट एक्सपोजर (सीईओबीएसई) के समतुल्य ऋण का कम से कम 18 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में आवंटित करना अनिवार्य है, जिसमें से 10 प्रतिशत का उप-लक्ष्य लघु एवं सीमांत किसानों (एसएमएफएस) के लिए निर्धारित है। इसके अलावा, पीएसएल दिशानिर्देशों में प्राथमिकता क्षेत्र (जिसमें कृषि और लघु एवं सीमांत किसानों को दिया जाने वाला ऋण भी शामिल है) को अपेक्षाकृत कम ऋण प्रवाह वाले जिलों के लिए एक प्रोत्साहन ढांचा और कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह के अधिक न्यायसंगत वितरण के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण के अपेक्षाकृत अधिक प्रवाह वाले जिलों के लिए एक हतोत्साहन ढांचा भी निर्धारित किया गया है।

2019 से, केसीसी योजना को पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को कवर करने के लिए विस्तारित किया गया है।



भारत सरकार की संशोधित ब्याज सब्सिडी योजना (एमआईएसएस) के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को सात प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर अल्पकालिक कृषि ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को तीन प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलता है, जिससे उनकी ब्याज दर घटकर मात्र चार प्रतिशत रह जाती है।

संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण सहित, बिना गारंटी के अल्पकालिक कृषि ऋणों की सीमा को आरबीआई द्वारा एक जनवरी 2025 से प्रति उधारकर्ता 1.60 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.00 लाख रुपये कर दिया गया है। इस कदम से ऋण की उपलब्धता में वृद्धि हुई है, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों (क्षेत्र के 86 प्रतिशत से अधिक) के लिए, जिन्हें उधार लेने की लागत में कमी और गारंटी की आवश्यकता को हटाने से लाभ होता है।

किसानों को केसीसी योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए, केंद्र/राज्य सरकारें, आरबीआई, नाबार्ड और बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल), वित्तीय साक्षरता शिविर (एफएलसी) आदि के माध्यम से विभिन्न वित्तीय साक्षरता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इसके अतिरिक्त, आरबीआई देश भर में आम जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षा का संदेश फैलाने के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू) का आयोजन भी करता है।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना एटीएम-सक्षम डेबिट कार्ड, एक बार दस्तावेज़ीकरण, क्रेडिट सीमा में लागत वृद्धि के लिए अंतर्निहित प्रावधान और स्वीकृत सीमा के भीतर कई निकासी करने की सुविधा जैसी सुविधाएं प्रदान करती है।

जन समर्थ पोर्टल को किसान क्रेडिट कार्ड सहित सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण और सब्सिडी योजनाओं को जोड़ने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में शुरू किया गया है। यह ऋण के लिए आवेदन करने और आवेदक के डेटा के डिजिटल मूल्यांकन के आधार पर अनुमोदन प्राप्त करने का एक त्वरित और कुशल तरीका प्रदान करता है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) ने सूचित किया है कि दोनों राज्यों के बैंक जन समर्थ पोर्टल से जुड़ चुके हैं, जिसके माध्यम से किसान किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। नाबार्ड ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) और ग्रामीण सहकारी बैंकों (आरसीबी) के लिए ई-किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल भी शुरू किया है, जिसके माध्यम से ऋण आवेदन प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है, और किसान अपनी शाखाओं में जाए बिना आरआरबी और आरसीबी को अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

इसके अलावा, कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण आवेदनों की संपूर्ण डिजिटल प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप विकसित किए हैं, जिससे भौतिक कागजी कार्रवाई और व्यक्तिगत मुलाकातों की आवश्यकता कम हो गई है।

सरकार और आरबीआई ने ग्राहक सेवा में सुधार लाने, बैंकों में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने और व्हिसलब्लोअर्स की सुरक्षा के लिए विभिन्न पहलें की हैं, जिनमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित शामिल हैं :

बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी ग्राहक सेवा दिशानिर्देशों और रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 के दिशानिर्देशों (जिसे एक जुलाई 2026 से प्रभावी होने के लिए रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2026 के रूप में अद्यतन किया गया है) का पालन करना आवश्यक है।

केंद्रीयकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम) पोर्टल नागरिकों, जिनमें बैंक ग्राहक भी शामिल हैं, के लिए उपलब्ध है, जिसके माध्यम से वे सेवा वितरण के संबंध में सार्वजनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

# पीएमएवाई-जी : ग्रामीण भारत में सबके लिए आवास का प्रयास

पीएमएवाई-ग्रामीण कार्यक्रम के पहले और दूसरे चरण के तहत, राज्यों को 4.15 करोड़ घर आवंटित किए गए, 3.90 करोड़ घर स्वीकृत किए गए, 2.99 करोड़ घर बनाए गए।

वर्ष 2029 तक, कुल 4.95 करोड़ ग्रामीण घरों का लक्ष्य हासिल करना है।

आवास लाभार्थियों को कुल 4,03,886.12 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जिससे देश भर में समय पर निर्माण सहायता सुनिश्चित हुई है।

जियोटैगिंग, विसंगति का पता लगाने और आधार फेस प्रमाणीकरण जैसे एआई संचालित निगरानी उपकरण पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने में सहायक हैं। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना और पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के साथ निर्बाध संयोजन ने ग्रामीण जीवन स्तर को बढ़ाया है।

पिछले एक दशक में देश में ग्रामीण आवास की यात्रा बदलाव और गरिमा की कहानी है। प्रत्येक ग्रामीण परिवार के पास एक सुरक्षित घर का लक्ष्य सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई यह योजना आज एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बदल गया है, इससे लाखों लोगों को फायदा हुआ। पक्का घर सिर्फ एक आश्रय नहीं है बल्कि यह स्थिरता, अवसर और भविष्य के लिए आशा की नींव है।

1 अप्रैल 2016 से लागू की जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण देश की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण पहलों में से एक के रूप में विकसित हुई है। इसका उद्देश्य सभी बेघर परिवारों और कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ स्थायी (पक्का) घर प्रदान करना है। ग्रामीण आवास की कमी को दूर करके और आवास की खामियों को कम करके




यह योजना सभी के लिए आवास卐 के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पीएमएवाई-जी के तहत घरों का न्यूनतम आकार 25 वर्ग मीटर है, जिसमें स्वच्छ खाना पकाने के लिए एक समर्पित क्षेत्र भी शामिल है। अपने लक्ष्यों को उत्तरोत्तर प्राप्त करने के लिए इस योजना को कई चरणों में लागू किया गया है।

इस योजना ने स्वच्छता, खाना पकाने का स्वच्छ इंधन, बिजली और पेयजल तक पहुंच के साथ आवास को जोड़कर पूरे भारत के गांवों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। पिछले कुछ वर्षों में, इस योजना ने प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ संयोजन को अपनाया है, जो समावेशी विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया है।

**एक घर जिसने सब कुछ बदल दिया : सुरक्षा और स्थिरता की ओर विधवा महिला ताइद की यात्रा**

असम में जोरहाट जिले के तीताबोर इलाके की रहने वाली विधवा ताइद वर्षों तक बाढ़ प्रभावित इलाके में रहती थीं, जहां उनके घर को कोई कम सुरक्षा नहीं थी। जीवन अनिश्चित था, लेकिन 2016-17 में, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के माध्यम से एक स्थायी घर का उनका सपना साकार हो गया। इस योजना के तहत मिली मदद से, उसने एक मजबूत घर बनाया जिससे उसके परिवार को सुरक्षा और सम्मान मिला। आज, उनका स्थायी घर सुदृढ़का के प्रतीक के रूप में खड़ा है, उसके परिवार को बाढ़ से बचाता है और भविष्य के लिए स्थिरता प्रदान करता है। ताइद की यात्रा दर्शाती है कि कैसे पीएमएवाईजी ग्रामीण जीवन को बदल रही है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सबसे कमजोर परिवार भी एक उज्ज्वल कल की ओर कदम बढ़ा सकता है।

**प्रगति और उपलब्धियों का एक दशक**

पिछले दस वर्षों में, पीएमएवाईजी ने लगातार अपनी पहुंच का विस्तार किया है और बड़े पैमाने पर आवास प्रदान किए हैं। इस योजना ने लगातार प्रदर्शन किया है, जिसमें वर्षवार पूर्णता विभिन्न चरणों में स्थिर प्रगति बनाए रखने की इसकी क्षमता का संकेत देती है। पीएमएवाईजी ने रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (पूर्ववर्ती मनरेगा), स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, स्वयं सहायता समूहों, जल जीवन मिशन और पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के लिए विकसित भारत-गारंटी के साथ निर्बाध संयोजन के माध्यम से लाभार्थियों को सशक्त बनाया है।

**आवंटित लक्ष्य और उपलब्धियां**

26 मार्च 2026 तक, चरण ढ्ढ और ढ्ढढ्ढ के तहत 4.15 करोड़ घरों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। कुल मिलाकर, 3.90 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है, और 2.99 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। कार्यान्वयन के इस पैमाने का समर्थन करने के लिए, 4,03,886.12 करोड़ रुपये का संचयी निधि हस्तांतरण किया गया है, जिससे राज्यों में निर्माण और लाभार्थी सहायता के लिए समय पर संसाधन सुनिश्चित हुए हैं।

सामूहिक रूप से, ये उपलब्धियां पीएमएवाई-जी की निरंतर गति और व्यापक पैमाने पर प्रभाव को दर्शाते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक आवास की ओर बढ़ने में इसकी प्रभावशीलता को उजागर करते हैं।

**कार्यान्वयन ढांचा और सुधार**

पीएमएवाईजी को एक लाभार्थी कार्यक्रम के रूप में तैयार किया गया है, जहां परिवार अपने घरों के निर्माण का स्वामित्व लेते हैं। बीते वर्षों में, इस योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, दक्षता और गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए कई सुधार किए गए हैं।

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) : वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जारी की जाती है। यह सुनिश्चित करता है कि धन बिना किसी देरी या गड़बड़ी के घर मालिकों तक पहुंचे, जिससे वित्तीय समावेशन मजबूत हो।

**घरों की जियोटैगिंग**

घर निर्माण के हर चरण में, समय और तारीख की मुहर लगी तस्वीरें अपलोड की जाती हैं। इस डिजिटल रिकॉर्ड से निर्माण की प्रगति की वास्तविक समय की निगरानी होती है और यह सुनिश्चित होता है कि घर दिशानिर्देशों के अनुसार बनाए गए हैं।

**ग्राम स्तर के कार्यकर्ता**

प्रत्येक स्वीकृत घर को एक स्थानीय पदाधिकारी के साथ जोड़ा जाता है जो लाभार्थी के साथ आगे की कार्रवाई करता है। इस प्रणाली से व्यावहारिक सहायता प्रदान की जाती है और यह सुनिश्चित होता है कि निर्माण समय पर पूरा हो।

## मोदी द्वारा बिहार के नालंदा में हुई दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
प्रधानमंत्री ने बिहार के नालंदा जिले में भगदड़ के कारण हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। बिहार के नालंदा जिले में हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## आठ राज्यों को 2,461 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब और सिक्किम के ग्रामीण स्थानीय निकायों को पंद्रहवें वित्त आयोग (XV-एफसी) के बद्ध अनुदान जारी कर दिए हैं। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और त्रिपुरा को रोके गए बद्ध और गैर-बद्ध अनुदानों के हिस्से भी जारी किए गए हैं। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त वर्ष के अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है।

## 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
केंद्र सरकार ने तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मिजोरम और मेघालय में पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के बद्ध और अबद्ध अनुदानों को स्वीकृत और जारी कर दिया है। इन अनुदानों से जमीनी स्तर पर शासन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा और पंचायती राज संस्थाओं में आवश्यकता आधारित स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। तेलंगाना राज्य के लिए , वित्तीय वर्ष 2025-26 के अबद्ध अनुदान की पहली किस्त के रूप में 247.94 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# केंद्र-राज्य साझेदारी से कृषि में नए युग की हो रही है शुरुआत : जयपुर से गूंजेगा बदलाव का संकल्प



**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर पूरे देश में क्षेत्रवार जोनल कॉन्फ्रेंस की व्यापक श्रृंखला शुरू की जा रही है, जिसके तहत अप्रैलङ्कमई 2026 में पश्चिम, उत्तर, पूर्व सहित सभी प्रमुख जोन में उच्चस्तरीय विचार-विमर्श होगा।

इन सम्मेलनों में केंद्र और राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, किसान संगठन, एफपीओ, स्टार्टअप और निजी क्षेत्र एक साथ बैठकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और जमीन से जुड़े अनुभवों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तय करेंगे। श्री शिवराज सिंह के अनुसार, इन सम्मेलनों में संबंधित राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, ICAR वैज्ञानिक, KVK विशेषज्ञ, NABARD और बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रगतिशील किसान, FPO, कृषि स्टार्टअप और निजी उद्यमी भी भाग लेंगे ताकि नीति निर्माण में जमीनी अनुभव और बाज़ार की जरूरतें दोनों प्रतिबिंबित हों। उन्होंने बताया कि संवादपरक सत्रों में किसानों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा।

### योजनाओं की गति, किसानों की समृद्धि

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इन जोनल कॉन्फ्रेंसों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को और मजबूत करना तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प और दिशा-निर्देश भी रहा है। इन बैठकों में आत्मनिर्भर दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, प्राकृतिक खेती मिशन, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा होगी और बाधाओं की पहचान कर समाधान तय किए जाएंगे।

### कॉन्फ्रेंसों की श्रृंखला : जयपुर से गुवाहाटी

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी क्षेत्र का पहला जोनल सम्मेलन 7 अप्रैल 2026 को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि इसके बाद 17 अप्रैल को लखनऊ में उत्तर भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशोंङ्क दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, पंजाब और उत्तराखंड के लिए जोनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी।



# कुल्लू में छात्रों की सेहत को लेकर डीसी हुए सख्त

**कुल्लू/सत्ता संदेश**
पीएम पोषण शक्ति निर्माण (मिड डे मील) योजना की जिला संचालन एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सुनील ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सुनील कुमार ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सात शिक्षा खंडों के अंतर्गत 1006 प्री-प्राइमरी, प्राइमरी तथा अपर प्राइमरी विद्यालयों में कुल 35118 विद्यार्थियों को मिड-डे मील प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी 1006 विद्यालयों में किचन गार्डन भी स्थापित किए गए हैं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी विद्यालयों में निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025.26 के लिए जिला कुल्लू को इस योजना के अंतर्गत 7 करोड़ 49 लाख 64 हजार 452 रुपए का बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के साथ साथ भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण स्तर की निगरानी, निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण तथा बजट उपयोग के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये।

उन्होंने विद्यालयों के किचन की स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तथा भोजन की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सभी शिक्षण संस्थानों को कवर करते हुए बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच करने को कहा।

# सुधारों के कारण बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधी दस्तावेजों की फाइलिंग में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण-एनबीए ने भारत के जैविक संसाधनों से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) आवेदनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो जैव विविधता, अनुसंधान, नवोन्मेषण और औद्योगिक विकास के बढ़ते समन्वय को दर्शाती है। यह वृद्धि जैविक विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसने जैविक संसाधनों और संबंधित पारंपरिक ज्ञान तक पहुंच को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे को सुदृढ़ और स्पष्ट किया है। संशोधित प्रावधानों के तहत, अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत आने वाले आवेदकों को भारत में उत्पन्न जैविक संसाधनों पर आधारित बौद्धिक संपदा अधिकारों (पेटेंट सहित) के लिए आवेदन करने से पहले एनबीए से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त करना अनिवार्य है। इस अनिवार्यता से बौद्धिक संपदा अधिकार प्रणाली में अनुपालन, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है, साथ ही यह सुनिश्चित हुआ है कि जैविक संसाधनों का उपयोग राष्ट्रीय कानून और संरक्षण तथा निष्पक्ष एवं समान लाभ बंटवारे के सिद्धांतों के अनुरूप हो। संशोधित ढांचे ने प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है और स्पष्ट रूप से परिभाषित अनुमोदन प्रक्रियाओं को लागू किया है, जिसके परिणामस्वरूप पंजीकरण-आधारित प्रणाली की ओर निर्णायक बदलाव आया है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के दौरान, लगभग 857 बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) आवेदन प्राप्त हुए और 792 आवेदनों के लिए सीओआर जारी किए गए जो सही पाए गए। इसके बाद की अवधि, अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक, कार्यालय को 1,077 आईपीआर आवेदन प्राप्त हुए।

# अमरावती को एकमात्र राजधानी बनाने के लिए ऐतिहासिक संशोधन; स्थिरता और विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आज लोकसभा में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित होने को आंध्र प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह विधेयक अमरावती को एकमात्र राजधानी के रूप में कानूनी मान्यता प्रदान करके, लंबे समय से शासन, निवेश और विकास को प्रभावित करने वाली संरचनात्मक अनिश्चितता को दूर करता है।

डॉ. पेम्मासानी कहा कि पिछले कई वर्षों से स्पष्ट रूप से निर्धारित राजधानी के अभाव से प्रशासनिक अस्पष्टता, बुनियादी ढांचे के निर्माण में देरी और निवेशकों का विश्वास कम हुआ है। यह संशोधन एक स्पष्ट, स्थिर और दूरदर्शी ढांचे के तहत राज्य के पुनर्गठन की मूल भावना के अनुरूप एक विश्व स्तरीय राजधानी की परिकल्पना की पुष्टि करता है।



डॉ. पेम्मासानी ने अमरावती आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले किसानों और महिलाओं के असाधारण बलिदानों का उल्लेख करते हुए कहा कि 29,000 से अधिक किसानों ने स्वेच्छा से अपनी 34,000 एकड़ से अधिक पुश्तैनी भूमि राज्य को सौंप दी और नीतिगत दिशाओं में लगातार बदलाव के कारण लंबे समय तक अनिश्चितता का सामना किया।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाली महिलाओं और स्थानीय समुदायों को काफी कठिनाइयों और परेशानियों का सामना करना पड़ा। फिर भी, 1,600 दिनों से अधिक समय तक, यह आंदोलन दृढ़, अनुशासित और अहिंसक बना रहा, और लोकतंत्र के शक्तिशाली प्रतीक के रूप में उभरा।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि कि यह विधेयक केवल एक कानूनी सुधार नहीं है, बल्कि एक नैतिक पुनर्पुष्टि है - यह राज्य के भविष्य के लिए अद्वितीय बलिदान देने वाले लोगों के बीच गरिमा, न्याय और विश्वास को बहाल करता है।

## सरकार ने गलत सूचनाओं का खंडन किया; पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने 2,900 से अधिक फैक्ट चेक जारी किए

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय के अंतर्गत एक फैक् ट चेक यूनिट (एफसीयू) कार्यरत है। एफसीयू केंद्र सरकार से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं की पहचान करती है। अधिकृत स्रोतों से समाचारों की प्रामाणिकता की पुष्टि करने के बाद, एफसीयू अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सही जानकारी प्रकाशित करती है। इसके अतिरिक्त, यह नागरिकों को संदिग्ध सामग्री की पुष्टि के लिए रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे गलत सूचनाओं से निपटने में जनभागीदारी मजबूत होती है। एफसीयू ने भारत सरकार से संबंधित कई फर्जी दावों की पहचान की है, जिनमें डीपफेक, एआई-जनरेटेड और भ्रामक वीडियो, नोटिफिकेशन, पत्र और वेबसाइट शामिल हैं। अब तक कुल 2913 फैक्ट-चेक प्रकाशित किए जा चुके हैं। सभी फैक्ट-चेक पीआईबी फैक्ट चेक के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जैसे कि एक स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, थ्रेड्स और व्हाट्सएप चैनल पर उपलब्ध हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचनाओं और भारत विरोधी बयानों की सक्रिय रूप से पहचान की।

## चौथे सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक जीआरएसई कोलकाता में भारतीय नौसेना को सौंपा गया

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक (यार्ड 3028) को 30 मार्च 2026 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) कोलकाता में किया गया है। चार बड़े सर्वेक्षण पोतों के लिए अनुबंध पर 30 अक्टूबर 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे । इसी श्रेणी के पिछले पोत, आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षक को क्रमश: 3 फरवरी 2024, 18 दिसंबर 2024 और 6 नवंबर 2025 को सेवा में शामिल किया गया था। एसवीएल जहाजों का डिज़ाइन और निर्माण मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), कोलकाता द्वारा भारतीय शिपिंग रजिस्टर के वर्गीकरण नियमों के अनुसार किया गया है। यह पोत बंदरगाह/हार्बर के मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और नौवहन चैनलों/मार्गों का निर्धारण करने में सक्षम है। रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करना भी इस जहाज की भूमिका है। लगभग 3400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक जलवैज्ञानिक उपकरण लगे हैं।

## नागोया प्रोटोकॉल के अंतर्गत अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : नागोया प्रोटोकॉल ऑन एक्सेस एंड बेनिफिट-शेयरिंग (एबीएस) के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अनुपालन प्रमाणपत्र (आईआरसीसी) जारी करने में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। विश्व स्तर पर जारी किए गए सभी प्रमाणपत्रों में से 56 प्रतिशत से अधिक प्रमाणपत्र भारत द्वारा जारी किए गए हैं। एबीएस क्लियरिंग-हाउस के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वैश्विक स्तर पर जारी किए गए कुल 6,311 प्रमाणपत्रों में से 3,561 आईआरसीसी जारी किए हैं और यह भारत को प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन में अन्य सभी देशों से कहीं आगे रखते हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने वाले वैश्विक मंच, एबीएस क्लियरिंग-हाउस में पंजीकृत 142 देशों में से अब तक केवल 34 देशों ने ही आईआरसीसी जारी किए हैं। भारत के बाद फ्रांस का स्थान है, जहां 964 प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, उसके बाद स्पेन (320), अर्जेंटीना (257), पनामा (156) और केन्या (144) का स्थान है। यह जैविक संसाधनों और/या संबंधित ज्ञान के निष्पक्ष और पारदर्शी उपयोग के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। नागोया प्रोटोकॉल के तहत, आनुवंशिक संसाधनों और संबंधित पारंपरिक ज्ञान तक पहुंच प्रदान करने वाले देशों को आईआरसीसी जारी करना अनिवार्य है।

## भारतीय नौसेना को स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट दूनागिरी सौंपा गया- युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता को एक बड़ा प्रोत्साहन

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश** : नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के पांचवें और इस श्रेणी के दूसरे युद्धपोत, दूनागिरी (यार्ड 3023), को 30 मार्च 2026 को कोलकाता स्थित जीआरएसई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में किया गया है। यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए फिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। दूनागिरी, पूर्व में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का नवीनतम स्वरूप है, जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक 33 वर्षों तक राष्ट्र को गौरवशाली सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक फ्रिगेट नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता, स्वचालन और उत्तरजीविता में अभूतपूर्व प्रगति का प्रतीक है और युद्धपोत निर्माण मेंआत्मनिर्भरता का एक प्रशंसनीय उदाहरण है। युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा डिजाइन किए गए और युद्धपोत निरीक्षण दल (कोलकाता) द्वारा पर्यवेक्षित पी17ए फ्रिगेट स्वदेशी जहाज डिजाइन, स्टील्थ, उत्तरजीविता और युद्ध क्षमता में एक पीढ़ीगत उपलब्धि का प्रतीक हैं।

# सड़क हादसे के पीड़ितों का कैशलैस इलाज

**धर्मशाला/सत्ता संदेश**
पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कांगड़ा द्वारा सोमवार को धर्मशाला स्थित उपायुक्त सभागार में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने की। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सडक़ दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल कैशलैस उपचार उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपए तक के इलाज का प्रावधान है।



उन्होंने बताया कि दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर पीड़ित को सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती करवाना आवश्यक है, ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत आपातकालीन सेवाएं, सर्जरी, आईसीयू सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। यह योजना सभी सडक़ दुर्घटना पीड़ितों चाहे वे चालक, यात्री या पैदल यात्री हों, समान रूप से लागू होती है। साथ ही, आईटी आधारित प्रणाली के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। इस अवसर पर आरटीओ धर्मशाला, विकास जम्बाल ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि सडक़ दुर्घटना की स्थिति में घबराएं नहीं और नजदीकी अस्पताल या पुलिस स्टेशन से तुरंत संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं। कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के सिखाए गुर

**चंबा/सत्ता संदेश**
जिला मुख्यालय से सटे निजी पैलेस में महिला स्वयं सहायता समूहों और उभरते उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक बहु विभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्योग विभाग शिमला की ओर से रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफारमेंस (रैंप) योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन निटकान लिमिटेड की ओर से किया गया। विश्व बैंक समर्थित इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को केवल सब्सिडी तक सीमित न रखकर उन्हें बाजार की चुनौतियों और वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाना रहा। कार्यशाला में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के प्रबंधक गुलाब सिंह ने पीएमईजीपी और पीएमएफएमई जैसी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

# लारीकोट सड़क पर महंगा सफर बना मजबूरी

**कुल्लू/सत्ता संदेश**
आपदा के लगभग तीन वर्ष बाद भी जिला कुल्लू की लारीकोट सडक़ बस चलने योग्य नहीं बन पाई। भारी भूस्खलन होने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी और बस सेवा ठप है। ग्रामीणों को भरकम किराया देकर मजबूरन निजी वाहनो में सफर करना पड़ रहा है। जगह-जगह सड़क की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आपदा के दौरान सड़क पर गिरे मलबे को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग कोई कार्य नहीं कर रहा है।

वहीं, क्षतिग्रस्त प्वाइंट्स पर डंगे भी नहीं लग रहे हैं। छोटे वाहनों के लिए तो सड़क खुली है, लेकिन बसों के चलने योग्य अभी तक ठीक नहीं की गई। हालांकि सरकार और प्रशासन का दावा रहता है कि लोगों की समस्या का तुरंत हल किया जाएगा, लेकिन यहां पर लोग समस्या से बार-बार अवगत करवा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे चतानी पंचायत के अंतर्गत आते कई गांवों के ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में आई भयंकर आपदा के दौरान रोगी मोड़-लारीकोट सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। आपदा के दो साल दस महीनों बाद भी सड़क की बस चलने योग्य मरम्मत नहीं की गई है। भूस्खलन होने से डंगे गिरे हैं और मलबा सड़क किनारे पड़ा हुआ है। इससे सड़क संकरी हो गई है। हालांकि छोटे वाहन तो चल रहे हैं, लेकिन बड़े वाहनों को चलने के लिए सड़क योग्य नहीं है। इसी कारण रोगीमोड़-लारीकोट सड़क पर बस नहीं चल रही है।

जानकारी के अनुसार लारीकोट बस सेवा बंद रहने से चतानी पंचायत के अंतर्गत आते गांवों बदलोगी, चतानी, मनारी, लारी, कोट, नरेंटनी, रोगी और डूघाभ्रा की लगभग 1000 के करीब आबादी को परेशान होना पड़ रहा है।

# बैठकों के प्रबंधन और निगरानी को सुगम बनाने के लिए सीसीएमएस किया पोर्टल लॉंच

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
परामर्श समितियों की बैठकों के प्रबंधन और निगरानी को सुगम बनाने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा परामर्श समिति प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) पोर्टल लॉंच किया गया था। इससे परामर्श समितियों का कामकाज सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सहायता मिली है। परामर्श समितियों की स्थापना का मूल उद्देश्य संसद सदस्यों और सरकार के बीच अनौपचारिक चर्चा के लिए एक मंच तैयार करना था।

परामर्श समितियों के गठन, कार्यों और प्रक्रियाओं संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार, संसद सदस्य किसी भी ऐसे मामले पर चर्चा करने के लिए स्वतंत्र हैं जिस पर संसद में उचित रूप से चर्चा की जा सकती है। परामर्श समिति की बैठक में हुई किसी भी बात का संसद के किसी भी सदन में उल्लेख करना उचित नहीं है। यह सरकार और संसद सदस्यों दोनों पर बाध्यकारी है।

संसद सदस्यों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए, परामर्श समितियों की बैठकों से संबंधित जानकारी सदस्यों को वास्तविक सूचनाओं और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से दी जाती है, साथ ही मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इसकी निगरानी भी की जाती है।

विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में एक प्रश्ेन न के उत्े तर में यह जानकारी दी।

# राजस्व मंत्री ने जांचा एकलव्य आवासीय विद्यालय निचार

**शिमला/सत्ता संदेश**
किन्नौर जिला के निचार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का दौरा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों के साथ बैठक की और विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही गुणवत्तायुक्त शिक्षा को और सुदृढ़ करने बारे गहनता के साथ विचार-विमर्श किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में निर्माणाधीन विभिन्न कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और जल शक्ति विभाग को सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के आवास में रह रहे बच्चों से सीधा संवाद स्थापित किया, उन्हें मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व विद्यार्थियों से उन्हें मिल रही सुविधाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतांजलि भूषण ने कैबिनेट मंत्री को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी और विद्यालय की समस्याओं से भी अवगत करवाया।



इस मौके पर उप-पुलिस अधीक्षक निचार राज कुमार, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति अभिषेक शर्मा, निचार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बीर सिंह नेगी, उरनी ग्राम पंचायत के प्रधान अनिल नेगी, कांग्रेस के आईटी मीडिया प्रभारी मनोज नेगी, उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा डाक्टर कुलदीप सिंह डोगरा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा डाक्टर अरुण गौतम, उपनिदेशक उद्यान डाक्टर शमशेर सिंह ढेहरु सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री ने बारो एवं निचार ग्राम पंचायत के स्थानीय लोगों से भी सीधा संवाद किया और पुलिस के अधिकारियों को शाम के समय हुड़दंगियों पर शिकंजा कसने को कहा व साथ ही नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान नेगी ने पलींगी के समीप करोड़ों की लागत से बन रहे वैकल्पिक मार्ग का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को उसे समयबद्ध सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने निगुलसरी सराय भवन में दुर्गम रूपी पंचायत के लोगों से भेंट की और लोगों ने राजस्व मंत्री का शिगारचा को नई पंचायत बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

CMYK

# पंजाब में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए पहली बार जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करवाया जाएगा : भगवंत मान

■ सभी समुदायों के जीवन स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा; पूरी जानकारी गोपनीय रखने वाला यह सर्वेक्षण पहली अप्रैल से शुरू हो रहा है ■ आप सरकार के अधीन ग्रामीण विकास मुहिम ने रिकॉर्ड निवेश, बुनियादी ढांचे में सुधार और रोजगार पैदा करके पंजाब के गांवों को बदल दिया ■ पिछले कांग्रेस शासन ने पंजाब में ग्रामीण विकास को नजरअंदाज किया

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब सरकार की 'शानदार चार साल भगवंत मान दे नाल' श्रृंखला के हिस्से के रूप में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग का चार साल का व्यापक रिपोर्ट कार्ड पेश किया, जिसमें यह दिखाया गया कि निरंतर नीतिगत हस्तक्षेप ने गांवों के बुनियादी ढांचे को कैसे बदला है, जमीनी स्तर पर प्रशासन को मजबूत किया है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं।

ग्रामीण विकास को समग्र विकास के केंद्रीय स्तंभ के रूप में बताते हुए मुख्यमंत्री ने पंजाब के पहले जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण की शुरुआत से लेकर बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा

■ **मनरेगा में बदलाव ग्रामीण रोजगार को नुकसान पहुंचा रहा है, 'आप' सरकार गरीबों के साथ मजबूती से खड़ी है**

निर्माण, पारदर्शी भूमि प्रबंधन के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करने और युवा-केंद्रित विकास कार्यक्रमों सहित प्रमुख पहलों की रूपरेखा पेश की।

पहली अप्रैल से शुरू होने वाले जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण को समानता और नीति निर्माण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य कार्रवाई को गोपनीय रखते हुए सभी समुदायों के जीवन स्तर का मूल्यांकन करना है। उन्होंने



कहा कि ग्रामीण विकास रिपोर्ट कार्ड एक व्यापक शासन ढांचे का हिस्सा है, जिसके तहत 'आप' सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सिंचाई, कृषि और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सेक्टर-वार प्रदर्शन के साथ-साथ जवाबदेही, पारदर्शिता और परिणामों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है।

ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷पिछले चार वर्षों में गांवों का पूर्ण विकास हुआ है, जिसमें बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य, तालाबों की सफाई शामिल है क्योंकि राज्य ने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाकर और अन्य तरीकों से पैसा कमाया है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य के सख्त प्रयासों के कारण पंचायत चुनावों में सर्वसम्मति में वृद्धि हुई है। पंजाब में 13,236 पंचायतों के लिए चुनाव 2024 में हुए थे, जिनमें बड़ी संख्या में पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गईं। 2018 में लगभग 1,870 पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई थीं, लेकिन 2024 में 2,970 पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई थी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 1,100 से अधिक पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गईं, जिससे गांवों में सामुदायिक सौहार्द मजबूत होता है और गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है।



# मान सरकार की 'रोज़गार क्रांति': हरपाल सिंह चीमा ने 11 जूनियर ऑडिटरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

■ पी.पी.एस.सी. के माध्यम से मेरिट आधारित भर्ती से वित्त विभाग होगा मजबूत ■ पंजाब में युवाओं के नेतृत्व वाला प्रशासन विकसित करना 'रोज़गार क्रांति' की प्रमुख प्राथमिकता

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चल रही 'रोज़गार क्रांति' पहल के तहत एक औपचारिक समारोह के दौरान नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित 11 उम्मीदवारों को एग्जामिनर, लोकल फंड अकाउंट्स के कार्यालय में जूनियर ऑडिटर के रूप में शामिल किया। नव-नियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी और जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं सभी नव-नियुक्त युवाओं को दिल से बधाई देता हूं और उनसे अपील करता हूं कि वे अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को पूरी लगन, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ निभाएं। राज्य की सार्वजनिक संस्थाओं की वित्तीय सेहत और जवाबदेही बनाए रखने के लिए आपकी ईमानदारी अत्यंत आवश्यक है। भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता को रेखांकित करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पंजाब लोक सेवा आयोग (पी.पी.एस.सी.) के माध्यम से सख्ती से मेरिट के आधार पर संपन्न की गई है। उन्होंने कहा, यह भर्ती अभियान पूरी तरह मेरिट आधारित रहा है। मुझे विश्वास है कि इस नई और योग्य प्रतिभा के शामिल होने से वित्त विभाग के अंतर्गत एग्जामिनर, लोकल फंड अकाउंट्स विंग की कार्यकुशलता और समग्र उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# 19,000 आशा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सेहत योजना के राज्यव्यापी सेहत कार्ड पंजीकरण अभियान से जुड़े

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम पंक्ति तक पहुंच को और मज़बूत करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जी के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए अपने व्यापक आशा कार्यकर्ता नेटवर्क को सक्रिय किया है। इस अभियान के तहत 19,000 से अधिक आशा कार्यकर्ता और 900 सहायक पंजाब के गांवों में पंजीकरण को गति दे रहे हैं।

आशा कार्यकर्ता इस योजना की पहुंच को ज़मीनी स्तर तक विस्तारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को लगभग 1,000 लोगों और करीब 250 परिवारों की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, जहां वे घर-घर जाकर जागरूकता फैला रहे हैं और परिवारों को सेवा केंद्रों तथा कॉमन सर्विस सेंटरों में पंजीकरण के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह पहल विशेष रूप से

■ **इलाज के खर्च के कारण कोई परिवार परेशान न हो, भगवंत मान सरकार घर-घर पहुंचा रही स्वास्थ्य की गारंटी : डॉ. बलबीर सिंह**



ग्रामीण क्षेत्रों में यह सुनिश्चित कर रही है कि योजना की जानकारी सीधे हर घर तक पहुंचे और पंजीकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया बिना किसी भ्रम या देरी के सुचारु रूप से पूरी हो सके। ज़मीनी स्तर पर किए जा रहे इस निरंतर प्रयास का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# जोगिंद्रा ग्रुप द्वारा किया जा रहा 1,100 करोड़ का निवेश पंजाब के औद्योगिक विकास और ग्रीन ऊर्जा को बड़ा बढ़ावा देगा : संजीव अरोड़ा

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब के उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि जोगिंद्रा ग्रुप द्वारा 1,100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ रणनीतिक विस्तार की योजना की घोषणा की गई है, जिससे पंजाब के औद्योगिक विकास और ग्रीन ऊर्जा के उपयोग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निवेश पंजाब की प्रगतिशील नीतियों और कारोबार अनुकूल माहौल के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। संजीव अरोड़ा ने कहा कि यह निवेश पंजाब की प्रगतिशील नीतियों और कारोबार अनुकूल माहौल के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि इस विस्तार के तहत स्टील क्षेत्र में 700 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जो मुख्य रूप से जोगिंद्रा कास्टिंग्स



■ जोगिंद्रा ग्रुप का स्टील में 700 करोड़ रुपये और नवीकरणीय ऊर्जा में 400 करोड़ रुपये का निवेश पंजाब में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है

और वर्धमान आदर्श के माध्यम से किया जाएगा। इसमें जोगिंद्रा ग्रीन इंडिया के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा में 400 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

इस विस्तार की महत्वता को रेखांकित करते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा, जोगिंद्रा ग्रुप का टर्नओवर 3,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है और इसके कर्मचारियों की संख्या 1,800 से बढ़कर 3,000 हो जाएगी, जिससे रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। उन्होंने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 37 मेगावाट से बढ़कर 120 मेगावाट हो जाएगी।

जोगिंद्रा ग्रुप के पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 1992 में स्थापित जोगिंद्रा ग्रुप उत्तरी भारत की एक अग्रणी औद्योगिक समूह है, जो स्टील निर्माण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और यह कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा में भी पैर पसार रही है। उन्होंने आगे कहा, इस ग्रुप की अगुवाई सीएमडी आदर्श गर्ग द्वारा डायरेक्टर संजय गुप्ता और निमित गुप्ता के साथ की जाती है।

इस संबंध में क्षेत्रीय प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा कि मंडी गोबिंदगढ़ हमेशा से पंजाब के स्टील उद्योग की रीढ़ की हड्डी रहा है।

उन्होंने कहा, ÷आज भगवंत मान सरकार के अधीन यह नए निवेश, आधुनिकीकरण और साफ-सुथरे तथा अधिक कुशल उत्पादन के साथ अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। जोगिंद्रा ग्रुप द्वारा किया गया विस्तार इस बात का स्पष्ट संकेत है कि गोबिंदगढ़ एक बार फिर पंजाब की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का मुख्य केंद्र बन रहा है।

# सनौर में 87 करोड़ की लागत से सड़कों के नवीनीकरण की शुरुआत

**सनौर (पटियाला)/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज पटियाला के सनौर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक बुनियादी ढांचे और सिंचाई परियोजनाओं की शुरुआत करके पंजाब के विकास में जमीनी स्तर पर तेजी लाई। इस मौके पर उन्होंने 87 करोड़ रुपये की सड़क नवीनीकरण कार्यों के साथ-साथ 27 करोड़ रुपये की नहरी लाइनिंग परियोजनाओं का ऐलान किया, जिससे 83 गांवों में 40,066 एकड़ रकबे को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

पिछली सरकारों की तुलना में मौजूदा समय के मिसाल बदलाव पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान भ्रष्टाचार के कारण कुछ ही दिनों में सड़कों की हालत खस्ता हो जाती थी, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा ठेकेदारों के लिए सड़कों के पांच साल के अनिवार्य रखरखाव संबंधी धारा लागू की गई है, जिससे जवाबदेही में वृद्धि होगी। उन्होंने आगे कहा कि %आप% सरकार ने न केवल सिंचाई अधीन रकबा पहले के 21,050 एकड़ से बढ़ा दिया है, बल्कि कानूनी लड़ाई के माध्यम से हरियाणा को दिए जाने वाले भाखड़ा नहर के पानी का पंजाब का 25 प्रतिशत हिस्सा भी प्राप्त किया है, ताकि किसानों को उनका हक मिल सके।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷पंजाब की बेमिसाल तरक्की को देखकर पारंपरिक पार्टियां अपना मानसिक संतुलन खो चुकी हैं। आज, पंजाब के विकास की गाड़ी फिर से पटरी पर आ गई है और हर गुजरते दिन के साथ इसकी गति और तेज हो रही है। विपक्षी पार्टियों को यह बात हजम नहीं हो रही, जिस कारण वे रोजाना बेबुनियाद और तर्कहीन बयान जारी कर रही हैं। यह विपक्षी पार्टियों में निराशा को दर्शाता है, जो सूबे के विकास और इसके लोगों की खुशहाली से ईर्ष्या करती हैं।

# विपक्ष मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना को पटरी से उतारने के लिए भ्रम फैला रहा है : बलतेज पन्नू

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने आज मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना (एमएमएसवाई) के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और इसके क्रियान्वयन को लेकर फैलाई जा रही गलत धारणाओं को स्पष्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान और सेवानिवृत्त पीआरटीसी कर्मचारियों को अधिक से अधिक और तेजी से कवरेज प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे विशेष रजिस्ट्रेशन अभियान के बारे में भी जानकारी दी।

आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत लाभार्थी प्रति परिवार 10 लाख रुपये तक के कैशलेस चिकित्सा इलाज के हकदार

■ **मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना 30 लाख परिवारों तक पहुंची, गलत प्रचार पंजाब की स्वास्थ्य क्रांति को नहीं रोक सकता**



हैं। इस योजना में कई तरह की बीमारियों का इलाज शामिल है और टेस्ट की सुविधा भी मुफ्त दी जा रही है। सभी सरकारी अस्पतालों के अलावा लगभग 900 निजी अस्पतालों को पहले ही इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया जा चुका है।

उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश के अनुमानित 65 लाख परिवारों में से लगभग 30 लाख परिवार पहले ही इस योजना के तहत रजिस्टर हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम आधी आबादी को कवर करने के करीब हैं और जल्द ही इसका लाभ सभी परिवारों तक पहुंचाया जाएगा।

देरी संबंधी चिंताओं का जवाब देते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि नेटवर्क या तकनीकी समस्याओं के कारण मामूली सुस्ती आ सकती है, लेकिन टीमें प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही हैं। विभिन्न स्थानों पर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाए जा रहे हैं ताकि लोग लंबी कतारों में लगे बिना अपने घरों के पास ही रजिस्ट्रेशन करवा सकें।

# पंजाब पुलिस द्वारा 521 स्थानों पर छापेमारी; 214 गिरफ्तार

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक गैंगस्टरों ते वार मुहिम के 70वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के पहचाने गए और मैप किए गए 521 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टरों ते वार÷ पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 70वें दिन पुलिस टीमों ने 214 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 18,056 हो गई है। इसके अलावा 70 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 126 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 3 फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम युद्ध नशों विरुद्ध को 395वें दिन भी जारी रखते हुए आज 85 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 3.2 किलोग्राम हेरोइन, 586 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 21,780 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

# पंजाब सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत 4572 लाभार्थियों के लिए 23.32 करोड़ जारी : डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी के तहत आशीर्वाद योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अनुसूचित जातियों के 4572 लाभार्थियों को 23.32 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता कम आय वाले परिवारों की बेटियों के विवाह के समय आर्थिक सहारा प्रदान करती है, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा

■ **18 जिलों के लाभार्थियों को मिलेगा लाभ, 51 हजार रुपये की वित्तीय सहायता ■ कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए पंजाब सरकार वचनबद्ध**



कि इस योजना से जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह के समय बड़ी राहत मिल रही है और सामाजिक सुरक्षा को और मजबूती मिल रही है। डॉ. बलजीत कौर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत जिला बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फिरोजपुर, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, होशियारपुर, लुधियाना, मानसा, मोगा, पटियाला, पठानकोट, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर, एस.बी.एस. नगर, संगरूर, मालेरकोटला और तरनतारन के कुल 4572 लाभार्थियों को इस राशि का लाभ दिया गया है। सामाजिक न्याय मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि से जिला बरनाला के 125, बठिंडा के 761, फरीदकोट के 87, फिरोजपुर के 266, श्री फतेहगढ़ साहिब के 155, गुरदासपुर के 164, होशियारपुर के 441, लुधियाना के 332 और मानसा के 441 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई है।

# अब, अमेरिका और यूरोप की तरह पंजाब में महज़ 6 मिनट में पुलिस सहायता मिलेगी : सीएम मान

■ भगवंत सिंह मान ने पंजाब पुलिस को 508 इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन सौंपे

**संगरूर/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज राज्य भर में जमीनी स्तर पर पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए संगरूर में 508 इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन (ईआरवी) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अब अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों की तर्ज पर महज़ छह मिनट में पुलिस सहायता उपलब्ध कराएगी।

अत्याधुनिक तकनीक से लैस ये वाहन डायल-112 सेवा के तहत सभी 28 पुलिस जिलों में तैनात किए जाएंगे, जो आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत सहायता सुनिश्चित करेंगे। यह कदम त्वरित और तकनीक-आधारित कानून प्रवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान पुलिस वाहनों के लिए 327.70 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिससे न केवल पुलिस बल का आधुनिकीकरण हुआ है बल्कि कानून-व्यवस्था भी मजबूत हुई है। साथ ही नशा तस्करों पर भी सख्त कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि बेहतर सुरक्षा से निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, जिसका स्पष्ट उदाहरण टाटा स्टील द्वारा पंजाब में अपने दूसरे सबसे बड़े प्लांट की स्थापना के लिए किया जा रहा निवेश है।

संगरूर में सभा को संबोधित करते





■ सभी वाहन मोबाइल डेटा टर्मिनल, स्मार्टफोन, डैश कैमरे, वायरलेस सिस्टम और जीपीएस ट्रैकर से लैस हैं ■ 4 वर्षों में पुलिस वाहनों पर 327.70 करोड़ खर्च किए

हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब से नशे के खतरे को पूरी तरह खत्म करने के लिए आखिरी बार के रूप में नशे के कारोबार में शामिल लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पीढ़ियों को बर्बाद किया है, उनके साथ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। ÷ऐसे तत्वों को सबक सिखाना होगा और उनका सामाजिक बहिष्कार पंजाब को नशे की दलदल से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाएगा।

सरकार की सख्त कार्रवाई को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, पंजाब सरकार ने पहले ही नशे के व्यापार के खिलाफ कड़ा शिकंजा कस दिया है और ऐसे मामलों में सजा दर 87 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो किसी भी अन्य राज्य से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि नशों के खिलाफ युद्ध÷पंजाब में नशा नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई साबित हो रहा है, जिसके तहत सप्लाई चेन को तोड़कर और बड़े तस्करों को गिरफ्तार कर इस अवैध कारोबार की रीढ़ तोड़ दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस

■ ये वाहन सभी 28 पुलिस जिलों में तैनात किए जाएंगे; 112 डायल करने पर तुरंत सहायता सुनिश्चित करेंगे

अभियान को जनसमर्थन के साथ जन आंदोलन में बदलने के लिए व्यापक और बहुआयामी रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत वर्तमान सरकार ने तस्करों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई पंजाब की युवा पीढ़ी की सुरक्षा के लिए है और यह लगातार जारी रहेगी।

'नशा आतंकवाद' पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस सीमा पार से हो रही नशीले पदार्थों की तस्करी का सक्रिय रूप से मुकाबला कर रही है और दुश्मन ताकतों का डटकर सामना करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। प्रशासनिक सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार जमीनी स्तर तक पहुंच सुनिश्चित की गई है, जिसके तहत अब केवल वरिष्ठ अधिकारियों ही नहीं बल्कि थानों के एसएचओ स्तर तक भी वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कानून-व्यवस्था और आर्थिक विश्वास के संबंध पर उन्होंने कहा कि किसी राज्य की कानून-व्यवस्था का सबसे बड़ा पैमाना वहां होने वाला निवेश होता है और टाटा स्टील का पंजाब में निवेश इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक बन रहा है और इसका श्रेय पंजाब पुलिस को जाता है, जिसने जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम किया है।

CMYK

# मोदी, शाह के साथ मिलकर असम में लैंड एटीएम चला रहे : :राहुल गांधी

**असम/सत्ता संदेश**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग असम और उसके लोगों के लिए खड़े थे। कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मौत के मामले में न्याय दिलाएगी।



राहुल ने कहा, भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि असम में तीन बड़े कॉरपोरेट घरानों को कुल 98,400 बीघा जमीन सौंप दी गई है। उन्होंने कहा, ये जमीनें जनता से छीनी गई हैं।

नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और हिमंत विश्व शर्मा ने असम में एक लैंड एटीएम बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं। प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरे राज्य और उसके लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे। गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी।

कांग्रेस नेता ने कहा, वह किसी एक व्यक्ति, एक समुदाय, एक भाषा या एक इतिहास के लिए नहीं खड़े थे। वह असम की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक परंपरा की भावना को दर्शाते थे। हम सत्ता में आएंगे तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे और यह 100 प्रतिशत तय है। राहुल ने यह भी कहा कि कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम को दिल्ली से चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 244(ए) को पूरी तरह लागू करने का वादा करते हैं। कार्बी आंगलोंग और छठी अनुसूची के सभी क्षेत्रों का शासन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा, न कि गुवाहाटी या दिल्ली से।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि यह नयी दिल्ली के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि अमेरिकी वस्तुओं पर कर कम किए गए हैं और भारतीय बाजार को उनके लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, (अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप, एप्स्टीन फाइल्स के कारण नरेन्द्र मोदी को नियंत्रित करते हैं। ट्रंप ने अमेरिका में अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए थे।

## मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी में न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक का उद्घाटन किया

**शिमला/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला में न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक का उद्घाटन किया। इसी के साथ अब राज्य में सरकारी क्षेत्र में पहली बार पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पैट) स्कैन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पैट स्कैन सुविधा रोगों का प्रारंभिक स्तर पर, मेटाबॉलिक और मॉलिक्यूलर स्तर पर पता लगाने में सक्षम है। पारंपरिक इमेजिंग तकनीकों जैसे सीटी और एमआरआई की तुलना में, जो बाद के चरणों में संरचनात्मक बदलाव दिखाती हैं, पैट तकनीक बहुत पहले ही शारीरिक परिवर्तनों का पता लगा लेती है। यह सुविधा कैंसर के स्टेज निर्धारण और पुनः मूल्यांकन, उपचार के प्रभाव का आकलन, बीमारी की पुनरावृत्ति का पता लगाने और रोग के पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह तकनीक मस्तिष्क ट्यूमर, सिर और गर्दन के कैंसर, थायरॉयड कारसिनोमा, लंग्स कारसिनोमा, प्लूरल मैलिगनेंसिज, थाइमिक ट्यूमर, इसोफेगोगेसट्रिक कारसिनोमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर, ब्रेस्ट कारसिनोमा, कोलोरेक्टल कारसिनोमा तथा यूरोलॉजिकल एवं टेस्टिकूलर मैलिगनेंसिज के निदान और प्रबंधन में व्यापक रूप से उपयोग की जाती है।



# बिहार के मजदूर की मुंबई में हत्या

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

बिहार के शिवहर जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब मुंबई में हत्या का शिकार हुए युवक का शव गांव पहुंचा। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर शिवहर-मुजफ्फरपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला तरियानी थाना क्षेत्र का है। तीन दिन पहले मुंबई में बैद्यनाथपुर गांव के रहने वाले तीन सगे भाई– धीरज ठाकुर, नीरज ठाकुर और सूरज ठाकुर पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में धीरज ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है।

गुरुवार सुबह जैसे ही धीरज ठाकुर का शव गांव पहुंचा, परिजनों का दुख आक्रोश में बदल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और खाजेपुर पुल के पास शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मृतक के पिता अवधेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि खाजेपुर निवासी मुकेश नामक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के चलते सुपारी देकर उनके बेटे की हत्या करवाई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

चूंकि हत्या की वारदात मुंबई में हुई है, इसलिए आगे की कानूनी कार्रवाई वहीं की पुलिस करेगी। घटना के बाद भाई नीरज कुमार ठाकुर ने मुंबई के शाहुनगर ठाणे पुलिस स्टेशन में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। फिलहाल ठाणे पुलिस जांच में जुटी हुई है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर स्थिति को नियंत्रित करने और जाम हटवाने के प्रयास पुलिस द्वारा लगातार जारी हैं।

# स्वच्छ वायु कार्यक्रम में संपूर्ण सुधार की जरूरत : जयराम रमेश

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उत्तर प्रदेश के लोनी को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में सूचीबद्ध करने वाली एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में पूरी तरह सुधार करने और पीएम2.5 के स्तर को कम करने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। रमेश ने कहा कि पीएम2.5 का स्तर देश भर में स्वास्थ्य संबंधी त्रासदी का रूप ले चुका है।



पिछले दिनों जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2025 में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारक सूक्ष्म कण (पीएम) के स्तर के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे प्रदूषित देश, जबकि उत्तर प्रदेश का लोनी विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित शहर बताया गया था और दिल्ली चौथे स्थान पर है। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, गाजियाबाद के पास स्थित लोनी भारतीय पौराणिक कथाओं के साथ-साथ इतिहास से भी जुड़ा है। यहां भारत की मिश्रित संस्कृति को प्रतिबिंबित करने वाले कई महत्वपूर्ण पूजा स्थल हैं।

उन्होंने कहा, यहां कुछ सुंदर बाग भी हैं। इसका उल्लेख रामायण में भी मिलता है। लेकिन लोनी शहर अब विश्व स्तर पर सुर्खियों में आ गया है क्योंकि 2025 में यहां की वायु गुणवत्ता दुनिया की सबसे खराब रही, जहां पीएम2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से बीस गुना अधिक है।

# किसी का नहीं रुकेगा इलाज, सबको मिलेगा अपना मकान : मुख्यमंत्री योगी

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 100 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना




पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद मांगने आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर सीएम योगी ने उन्हें खूब पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

# प्रियंका द्वारा केरल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

वायनाड की सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम के चिरायिनकीझु में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केरल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने केरल की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया, तो वहीं सत्ताधारी दलों की नीतियों की जमकर आलोचना भी की। प्रियंका गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत केरल के सामाजिक सुधारों और समानता की संस्कृति की सराहना से की। उन्होंने महान समाज सुधारक श्री नारायण गुरु को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि केरल का सामाजिक ताना-बाना ही ÷असली भारत की आत्मा÷ है, जहाँ विभिन्न समुदाय सदियों से आपसी सम्मान के साथ रहते आए हैं। उन्होंने नर्सों, आशा कार्यकर्ताओं और किसानों के योगदान की सराहना करते हुए इसे सेवा और समर्पण का प्रतीक बताया।



केरल की एलडीएफ सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रियंका ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी और कम वेतन के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली कमजोर हो रही है, अस्पतालों में न तो पर्याप्त कर्मचारी हैं और न ही उपकरण। आशा कार्यकर्ताओं, मछुआरों और पारंपरिक कोयर (नारियल जटा) उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र की जनविरोधी नीतियों का मुकाबला करने में पूरी तरह विफल रही है।

# ईरान से 1200 नागरिक सुरक्षित निकाले

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़ा अभियान चलाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को जानकारी दी कि अब तक 1,200 से अधिक भारतीयों को ईरान से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जिनमें 845 छात्र शामिल हैं। सरकार ने इस ऑपरेशन को बेहद रणनीतिक तरीके से अंजाम दिया। 996 भारतीयों को आर्मेनिया और 204 लोगों को अज़रबैजान पहुंचाया गया।यहां से उन्हें सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था की जा रही है। एमईए स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावासों के साथ मिलकर लगातार समन्वय कर रहा है।



**छात्रों की सबसे बड़ी चिंता**

निकाले गए लोगों में बड़ी संख्या छात्रों की है, जो ईरान में पढ़ाई कर रहे थे। सरकार ने उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष इंतजाम किए। इस संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से बातचीत की। 28 मार्च को उन्होंने मोहम्मद बिन सलमान से चर्चा की, जिसमें पश्चिम एशिया संघर्ष पर चिंता जताई व ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों की निंदा की। उन्होंने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और खुलापन बनाए रखने पर जोर दिया।

**6 लाख से ज्यादा भारतीय लौटे**

एमईए के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक 6,24,000 से अधिक यात्री पश्चिम एशिया से भारत लौट चुके हैं। आज भी यूएई से भारत के लिए लगभग 90 उड़ानें संचालित होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि दुनिया के इस संकटपूर्ण माहौल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राज्यपाल ने नई दिल्ली में हिमाचल एम्पोरियम का दौरा किया

**शिमला/सत्ता संदेश**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान हिमाचल एम्पोरियम का दौरा किया। इस दौरान राज्यपाल ने एम्पोरियम में हिमाचली उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का अवलोकन किया और इनमें प्रदर्शित समृद्ध कारीगरी तथा पारंपरिक विरासत में गहरी रुचि दिखाई। राज्यपाल ने एम्पोरियम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संवाद किया तथा हिमाचल प्रदेश की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की सराहना की। श्री गुप्ता ने स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को बेहतर विपणन अवसर और आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराकर उन्हें सहयोग प्रदान करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उत्पादों का प्रचार-प्रसार न केवल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है।

# भाजपा की पूरी मशीनरी उत्तर प्रदेश की ओर रुख करेगी : अखिलेश यादव

**लखनऊ/सत्ता संदेश**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों में चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार स्थापित करने के लिए ऐसी साजिशों का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद यहां प्रेसवार्ता में यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) मुद्दे को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।

यादव ने कहा, हमारा सवाल है - पिछले उत्तर प्रदेश चुनावों के दौरान, क्या समाजवादी पार्टी की बार-बार शिकायतों के बावजूद इतने सारे अधिकारियों को हटा दिया गया था? उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों



ने ÷भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा, भाजपा राज में भ्रष्टाचार के कारण कई अधिकारी नाखुश हैं। वे दबाव में हैं और उनसे (भाजपा द्वारा) काम लेने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने भाजपा से संबंध का आरोप लगाते हुए हाल में कानपुर में गुर्दे किडनी से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया, हालांकि उन्होंने विशेष विवरण नहीं दिया। यादव ने कहा कि भाजपा किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, डीजल, पेट्रोल, खाद और बीज की बढ़ती कीमतों के कारण किसान संघर्ष कर रहे हैं। खासकर किसानों को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा,समाजवादी पार्टी भविष्य में किसानों की उपज के लिए बेहतर मुआवजा और उचित मूल्य सुनिश्चित कर सकती है।

**निर्वाचन आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है**

उन्होंने कहा, 2024 में इन सभी साथियों ने मिलकर पीडीए की आवाज उठाई थी और जन सहयोग से सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया था। यादव ने कहा, हम दृढ़ संकल्पित हैं कि आने वाले समय में हम मिलकर पीडीए सरकार बनाएंगे और राज्य स्तर पर सामाजिक न्याय स्थापित करेंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने दावा किया,हमारी जानकारी में है कि जैसे ही अन्य राज्यों में चुनाव खत्म होंगे, भाजपा की पूरी मशीनरी उत्तर प्रदेश की ओर रुख करेगी।

**अच्छे दिन लाने में नाकाम रहे... उनके बुरे दिन खत्म होने वाले**

उन्होंने कहा, हम अपने संगठन से अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और यह सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर काम करें कि राज्य में एक बार समाजवादी सरकार बने। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, वे अच्छे दिन लाने में नाकाम रहे, लेकिन जनता को अब एहसास हो गया है कि उनके बुरे दिन खत्म होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए यादव ने चुनाव के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने पर सवाल उठाया।

# असम विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी ताकत

**असम/सत्ता संदेश**

असम विधानसभा की 126 सदस्यीय सीट के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी और भाजपा दोनो प्रचार में पूरी तकत झोक दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार किया। इस दौरान कांग्रेस का आज घोषणापत्र जारी हुआ है।



उन्होंने कहा कि हमारी पांच गारंटी पहले ही जारी हो चुकी हैं। असम में हमने महिलाओं के खातों में 50 हजार रुपये का ऋष्ण डालने की बात की है, वृद्धावस्था पेंशन को 1250 रुपये करने की बात की है, एक मंत्रालय बनाने की बात की जा रही है। हम जमीन के पट्टे की बात कर रहे हैं जिसमें 10 लाख लोगों को फायदा पहुंचेगा और हम जुबीन गर्ग के लिए न्याय की बात कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि असम में भ्रष्ट सरकार है जिसने पिछले 5 से 10 सालों में केवल जुमले दिए हैं और कोई भी काम नहीं किया है। जरूरी है कि इस जुमलेबाज सरकार की कलई खोली जाए।

आप को बता दें कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार है।

## प्रदेश में सिलेंडर, पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

**शिमला/सत्ता संदेश**

निदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुमद सिंह ने आज राज्य स्तरीय निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 191 गैस ऐजेंसियां हैं जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं को घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वर्तमान में कुल सामान्य खपत की तुलना में 60 प्रतिशत व्यावसायिक गैस सिलेंडर राज्य को प्राप्त हो रहे हैं तथा सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सिलेंडर उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। बैठक में मौजूद विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आवश्यकतानुसार गैस सिलेंडरों की प्राप्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल व डीजल की भी प्रदेश में पर्याप्त उपलब्धता है।

# अमेरिकी जनता शायद न झेल पाए ईरान के साथ लंबा युद्ध : ट्रंप

**इंटरनेशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता है कि अमेरिका के लोगों में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को जारी रखने का धैर्य है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में ईस्टर से संबंधित दोपहर के भोजन के दौरान उनकी निजी टिप्पणियां इस बात का संकेत देती हैं कि राष्ट्रपति पर युद्ध को समाप्त करने के लिए घरेलू दबाव बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका बहुत आसानी से ईरान का तेल अपने नियंत्रण में ले सकता है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिकी जनता में इसके लिए धैर्य नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा, %%लोग इस युद्ध को खत्म होते देखना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि वह ईरान के तेल पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन देश के लोग कहते हैं- बस जीत हासिल करो। तुम बहुत बड़ी जीत के करीब हो। बस जीतकर घर लौट आओ।



उन्होंने कहा, मुझे इससे भी कोई दिक्कत नहीं है। उनके इस भाषण का वीडियो बिजनेस इनसाइडर के एक रिपोर्टर ने ऑनलाइन पोस्ट किया। रिपोर्टर के अनुसार, व्हाइट हाउस ने बंद कमरे में हुए इस कार्यक्रम का वीडियो अपलोड किया था, जिसे उन्होंने बाद में निजी कर दिए जाने से पहले डाउनलोड कर लिया। इस वीडियो को हटाने के कारण पर व्हाइट हाउस ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इस निजी भोज कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया को हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में शामिल होना चाहिए। इससे पहले भी ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों पर नाराजगी जताई थी, क्योंकि वे ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई पूरी होने तक इस जलडमरूमध्य की सुरक्षा में शामिल होने को लेकर हिचकिचा रहे थे।

बुधवार को व्हाइट हाउस में आयोजित इस निजी भोज कार्यक्रम में ट्रंप ने कुछ एशियाई देशों पर भी नाराजगी जतायी, जो अमेरिका की तुलना में खाड़ी देशों के तेल पर अधिक निर्भर हैं। ट्रंप ने इस दौरान नाटो को बहुत खराब सहयोगी और कागज़ी शेर भी बताया। उन्होंने कहा, नाटो ने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है और इसे याद रखना चाहिए, क्योंकि अगर हमें कभी उनकी जरूरत पड़ी तो वे फिर ऐसा ही करेंगे। उम्मीद है कि हमें उनकी जरूरत कभी नहीं पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि वे बहुत कुछ कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अगर कभी कोई बड़ा युद्ध हुआ, तो नाटो हमारे साथ नहीं होगा।

# जोरदार वापसी करेंगे कप्तान ऋषभ पंत




**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

लखनऊ सुपर जाएंट्स की आईपीएल 2026 में पहली हार के बाद मालिक संजीव गोयनका का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कप्तान ऋषभ पंत और सपोर्ट स्टाफ से बातें करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो की तुलना फैंस ने केएल राहुल के आईपीएल 2024 वाले इंसिडेंट से की। संजीव गोयनका एक मैच हारने के बाद केएल राहुल की बीच मैदान पर क्लास लगाई थी। अब यह साफ नहीं है कि इस बार गोयनका ने पंत से क्या बात की, मगर फैंस का कहना है कि गोयनका को बीच मैदान पर किसी खिलाड़ी से ऐसे बात नहीं करनी चाहिए। इसको लेकर उनकी खूब आलोचना हो रही है। इस बीच उनका एक और पोस्ट सामने आया है, जो उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स की हार के बाद किया है। इस पोस्ट में हालांकि संजीव गोयनका अपनी टीम का मनोबल बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने फैंस से वादा किया कि उनके कप्तान ऋषभ पंत और पूरी टीम टूर्नामेंट में जोरदार वापसी करेंगे। संजीव गोयनका ने एक्सपर लिखा, यह एक लंबा सीजन है, और ऐसे पल कुछ मतलब का बनाने का हिस्सा होते हैं।

मुझे अपने कैप्टन और टीम पर पूरा भरोसा है कि वे मजबूती से जवाब देंगे। हमारे फैंस, आज इकाना में आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद, हम और मजबूत होकर वापस आएंगे। इस सीजन में लखनऊ सुपर जाएंट्स की कहानी अभी लिखी नहीं गई है।

## हम बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए

लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने मैच हारने के बाद कहा, बल्लेबाजी में हम बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। योजना यह थी कि निकोलस पूरन पांचवें नंबर पर आकर बीच के ओवरों में जिम्मेदारी संभालें। हमें एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर कुछ रन जोड़ सके, क्योंकि एक अच्छी पिच पर हमारे पास काफी रन नहीं थे। हमने आयुष बडोनी के लिए एक खास भूमिका तय की थी कि जब हमारे शुरुआती विकेट जल्दी गिर जाएं, तो वह उस समय छाप छोड़ सकें। नई गेंद से काफी मदद मिल रही थी, लेकिन आप 140 रन (141 रन) बनाकर विपक्षी टीम पर दबाव नहीं डाल सकते।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ लय में लौटने उतरेंगे सुपर किंग्स






**चेन्नई/सत्ता संदेश**

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को चेन्नई में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए चोट और फिटनेस एक बड़ी चुनौती है। सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस फिट न होने की वजह से पहले मैच में नहीं दिखे थे। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर तो पहले ही मुकाबले में चोट लगा बैठे थे। देखना होगा कि ब्रेविस इस मैच में खेलेंगे या नहीं। अय्यर की फिटनेस पर भी निगाह रहेगी। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।

सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कोनोली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है।

पंजाब किंग्स– श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह ओमरजाई, मार्को यानसेन, मार्क्स स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बराड़, विजय वैशाक, यश ठाकुर, कोनोली, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह।


चेन्नई सुपर किंग्स– ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, मैट हेनरी, राहुल चाहर, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में NCOE हमीरपुर के दो रेस्लर ने जीते पदक

**हमीरपुर/सत्ता संदेश**

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में एनसीओई हमीरपुर के दो रेस्लर खिलाड़ियों ने पदक जीतकर प्रदेश का नाम देश भर में रोशन किया है। छत्तीसगढ़ में 28 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित की गई राष्ट्रीय खेलों में साई सेंटर हमीरपुर की मुस्कान ने 76 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है। जबकि टेक चंद ने ग्रीको-रोमन के 87 किलोभार वर्ग में ब्राउंज मेडल अपने नाम किया है।





मुस्कान फाइनल मुकाबले में पंजाब की खिलाड़ी से 4-3 से हारकर गोल्ड पदक जीतने से चूक गई। हालांकि सेमिफाइनल मुकाबले में जम्मू की खिलाड़ी और क्वाटरफाइनल में चंडीगढ़ की खिलाड़ी को पटखनी देकर फाइनल में पहुंची थी। दूसरी तरफ टेक चंद सेमिफाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ी से 7-4 से हारकर प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे। टेक चंद पंजाब और जम्मू के खिलाड़ियों को हराकर सेमिफाइनल में पहुंचे थे। दोनों रेस्लर पिछले तीन-चार वर्षो से साई सेंटर हमीरपुर में अपने कोच जॉनी चौधरी से रेस्लिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। साई सेंटर हमीरपुर केंद्र प्रभारी दिव्या ने रेस्लर मुस्कान और टेकचंद को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पदक जीतने पर बधाई दी है। इसके अलावा रेस्लिंग कोच जॉनी चौधरी को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

# अय्यर को एक कप्तान के तौर पर उतना श्रेय क्यों नहीं मिलता?

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

श्रेयस अय्यर एकमात्र ऐसे कप्तान हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के फाइनल में तीन बार पहुंचे हैं और हर बार एक अलग टीम के साथ। उन्होंने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स को, 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को और 2025 सीजन में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया। जियोस्टार पर बात करते हुए भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उन संभावित कारणों को बताया कि क्यों अय्यर को एक कप्तान के तौर पर उतना श्रेय नहीं मिलता और क्या चीज एक लीडर के तौर पर उनके बारे में लोगों की सोच को बदल सकती है। अय्यर ने ्यय्रक्र को उनका तीसरा खिताब दिलाया, लेकिन उन्हें इसके लिए उतना श्रेय नहीं मिला। खिताब जीतने के बावजूद केकेआर ने अगले ही सीजन में उन्हें टीम से रिलीज कर दिया।

इस बारे में बात करते हुए कि 2024 में ्यय्रक्र की जीत में कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को उतना श्रेय क्यों नहीं मिला, चोपड़ा ने कहा, मुझे लगता है कि एक लीडर के तौर पर उनका योगदान उस चर्चा में थोड़ा कमजोर पड़ गया जिसे अक्सर वे लोग शुरू करते हैं जो टीम का हिस्सा नहीं होते। ्यय्रक्र में श्रेयस अय्यर के साथ दो चीज़ें हुईं। वह एक ऐसे माहौल में थे जहां कोच भी एक बहुत मजबूत और लोकप्रिय हस्ती थे। एमएस धोनी या रोहित शर्मा, या आरसीबी में विराट कोहली के साथ ऐसा नहीं था, जहां बाहर से कोई इतना हावी व्यक्ति फैसले लेने वाला न हो।



चोपड़ा ने कहा, %यहां आपके पास गौतम गंभीर थे, जो एक बहुत सफल खिलाड़ी और एक बहुत अच्छे मेंटर हैं। दूसरे धोनी, रोहित और कोहली काफी लंबे समय तक भारत के कप्तान रहे हैं और बहुत सफल भी। उन्हें तो पहले से ही थाली में सजाकर श्रेय मिल जाता है। श्रेयस के मामले में वह भारत के कप्तान नहीं हैं। लेकिन अब उन्हें उनका हक मिल रहा है, क्योंकि वह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

पिछले साल पीबीकेएस को फाइनल तक पहुंचाने के बाद अय्यर आने वाले आईपीएल सीजन में पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे। पिछले सीजन में पहली बार पीबीकेएस के लिए खेलते हुए अय्यर ने 50 से ज्यादा की औसत और 175.07 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे। चोपड़ा ने इस बारे में भी बात की कि श्रेयस अय्यर को एक कप्तान के तौर पर ज़्यादा पहचान कैसे मिल सकती है।

पूर्व क्रिकेटर ने कह, अगर आपको लगता है कि अगर वह एक और ट्रॉफी जीत लेते हैं, तो अचानक सब कुछ बदल जाएगा और हर कोई खड़ा होकर उनके लिए तालियां बजाएगा, तो शायद ऐसा न हो। उनकी तारीफ तो बढ़ सकती है लेकिन उनका रुतबा रातों-रात नहीं बदलेगा। ऐसा सिर्फ एक ही सूरत में हो सकता है। अगला टी20 वर्ल्ड कप 2028 में है। मैं यह नहीं कह रहा कि भारत की टी20 कप्तानी तुरंत बदल जाएगी, लेकिन कुछ सालों बाद ऐसा होने की गुंजाइश है।

### आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स की टीम

अर्शदीप सिंह, अजमतुल्लाह उमरज़ई, हरनूर पन्नू, हरप्रीत बरार, लॉकी फ़र्ग्यूसन, मार्को जानसेन, मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, मुशीर खान, नेहल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, शशांक सिंह, श्रेयस अय्यर, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, वैशाख विजयकुमार, ज़ेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, बेन ड्वारशुइस।

# आईपीएल खेलने को कोर्ट पहुंचे तुषारा, श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने नहीं दी एनओसी

**कोलंबो/सत्ता संदेश**

श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए गुरुवार को अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की, क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया था। 31 वर्षीय खिलाड़ी को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 1.6 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु ने खरीदा था। इसके बाद 2026 के सीजन के लिए इसी रकम पर उन्हें रिटेन किया गया था। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस का हवाला देकर उन्हें एनओसी नहीं दी है।

यही कारण है कि नुवान तुषारा ने कोलंबो जिला न्यायालय में मामला दायर कर श्रीलंका क्रिकेट को एनओसी जारी करने का आदेश देने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।



### आरसीबी ने अभी नहीं किया रिप्लेसमेंट का ऐलान

तुषारा को आरसीबी ने 2025 में 1.6 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने पिछले सत्र में टीम की तरफ से एक मैच खेला था। इस तेज गेंदबाज ने अभी तक कुल मिलाकर 137 टी20 मैचों में 21.25 के औसत से 174 विकेट लिए हैं। सवाल ये है कि क्या वाकई में नुवान तुषारा फिट हैं या फिर श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड उनके साथ गलत व्यवहार कर रहा है। बहरहाल, बोर्ड और खिलाड़ी के बीच तकरार जारी है। आरसीबी ने अभी तक उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है।

# आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन ने बेटे के जन्मदिन पर लुटाया प्यार

**मुंबई/सत्ता संदेश**

आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बेटे के जन्मदिन पर एक स्पेशल सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करके फैंस को अपनी पर्सनल लाइफ की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। एक्टर, जो अपनी फैमिली के साथ बिताए पलों को काफी निजी और खास रखने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अपने बेटे के साथ एक बहुत ही क्यूट फोटो शेयर की है, जिसने इंटरनेट पर सबका दिल जीत लिया। इस फोटो में अल्लू अर्जुन अपने बेटे को गले लगाते हुए एक बहुत ही प्यारे और इमोशनल पल में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ 'पुष्पा' स्टार ने जन्मदिन की एक प्यारी सी विश भी लिखी, जिसने उनके फैंस और फॉलोअर्स का दिल छू लिया। उन्होंने कैप्शन में लिखा,




मेरी जिंदगी के सबसे बड़े प्यार को जन्मदिन की ढेर सारी बधाइयाँ। हैप्पी बर्थडे, मेरे चिन्नी बाबू। अल्लू अर्जुन लगातार भारतीय सिनेमा के सबसे चर्चित सितारों में से एक बने हुए हैं। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो, एक्टर के पास फिल्मों की एक बेहद एक्साइटिंग लिस्ट तैयार है। वह फिल्म मेकर एटली कुमार के साथ हाथ मिलाने जा रहे हैं। इस फिल्म को लेकर पहले से ही फैंस के बीच जबरदस्त माहौल बना हुआ है, जो इस पावरहाउस कॉम्बिनेशन को साथ देखने के लिए बेताब हैं। यह एक और ऐसी फिल्म है जिसका बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है।

# 'राजा शिवाजी' का दमदार टीज़र आउट

**मुंबई/सत्ता संदेश**

रितेश देधमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'राजा शिवाजी' का पहला टीज़र सामने आ चुका है, जो एक भव्य ऐतिहासिक कथा की झलक पेश कर रहा है। शानदार स्केल, दमदार विजुअल्स और प्रभावशाली किरदारों के साथ यह टीज़र फिल्म की बड़ी और महत्वाकांक्षी सोच को दर्शा रही है, जो दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दे रही है। हालांकि टीज़र में रितेश देशमुख के साथ विधा बालन की दमदार मौजूदगी ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। शाही अंदाज़ में पारंपरिक परिधानों के साथ सोने के गहनों से लदी और क्लासिक नथ के साथ उनका किरदार बेहद गरिमामयी लग रहा है। हालांकि इस गरिमामयी किरदार को और प्रभावशाली बना रही है उनकी प्रभावशाली आवाज़ और दमदार संवाद अदायगी, जो उनके किरदार



को और गहराई दे रही है। शक्ति, आत्मविश्वास और गंभीरता समेटे उनका यह किरदार, उनकी बेहतरीन अभिनय क्षमता का एक और उदाहरण है। गौरतलब है कि टीज़र के माध्यम से फिल्म की कहानी और किरदारों को लेकर दर्शकों में उत्सुकता चरम पर पहुँच चुकी है। इसी के साथ रितेश देशमुख का निर्देशक और मुख्य अभिनेता के रूप में दोहरी भूमिका निभाना इस प्रोजेक्ट को और खास बना रहा है। ऐसे में दर्शक बेसब्री से फिल्म रिलीज का इंतज़ार कर रहे हैं, जिससे वह राजा शिवाजी की ऐतिहासिक कहानी को बड़े पर्दे पर जीवंत होते देख सकें।

# पंचायत के छह साल पूरे, प्राइम वीडियो ने किया सीजन-5 का ऐलान

**मुंबई/सत्ता संदेश**

प्राइम वीडियो आज तीन अप्रैल 2020 को पंचायत सीजन 1 की लॉन्चिंग के छह साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। प्राइम वीडियो ने इस खास मौके पर आधिकारिक तौर पर सीरीज के सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले सीजन 5 की शूटिंग शुरू होने का ऐलान कर दिया है। वर्ष 2020 में अपनी शुरुआत के बाद से पंचायत लगातार इंडिया की सबसे चहेती सीरीज में से एक बनी हुई है और हर सीजन के साथ इसने लोगों का दिल जीता है। खासकर सीजन 4 ने दर्शकों को इस कदर बांधे रखा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था।




अपने पहले ही महीने में सीजन 4 ने रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी हासिल की और लॉन्चिंग हफ्ते के दौरान इस फ्रेंचाइजी के इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग दी। रिलीज के पहले ही दिन सीजन 4 अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और यूएई समेत 42 से ज्यादा देशों में टॉप 10 टाइटल्स में ट्रेंड कर रहा था। लॉन्चिंग हफ्ते के दौरान इसे भारत के 95 प्रतिशत पिन कोड्स और 180 से ज्यादा देशों के दर्शकों ने देखा। फैंस के इसी बेमिसाल प्यार ने नए सीजन को लाने के जोश को और बढ़ा दिया है,जो एक बार फिर दिल छू लेने वाली कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ एक शानदार सफर का वादा करता है। सीजन 4 के उस ज़बरदस्त क्लाइमेक्स के बाद, फैंस बेसब्री से अपने पसंदीदा फुलेरा में वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

# भारतीय बाजार में धुरंधर दि रिवेंज का राज, कमाई 920 करोड़ पार




**मुंबई/सत्ता संदेश**

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर- दि रिवेंज ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 920 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। यह सिर्फ भारतीय बाजार का आंकड़ा है। विदेशों में कमाई के आंकड़े अलग हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का सीक्वल बॉक्स ऑफ़िस पर राज कर रहा है। रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674.17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 245.85 करोड़ की कमाई की है। इस तरह इस फिल्म 14 दिनों में भारतीय बाजार में 920. 02 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। उम्मीद की जा रही है कि धुरंधर- दि रिवेंज जल्द ही भारतीय बाजार में 1000 करोड़ की कमाई कर लेगी।

# एकता कपूर ने बताया कैसे टीवी के आइकॉनिक किरदारों में डाली जान



**मुंबई/सत्ता संदेश**

एकता कपूर लंबे समय से भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में एक शक्तिशाली निर्माता ब्रांड के रूप में जानी जाती हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, इस दमदार निर्माता ने सैकड़ों अविस्मरणीय किरदार रचे हैं। तेज़-तर्रार नायिकाओं, गहरे स्वभाव वाले प्रेमियों से लेकर चालाक वैम्प्स तक—इन किरदारों ने न सिर्फ स्क्रीन पर राज किया बल्कि पारिवारिक मनोरंजन की परिभाषा भी बदल दी। तुलसी से लेकर प्रेरणा तक, एकता ने डेली सोप्स को एक सांस्कृतिक घटना बना दिया, जिसमें ड्रामा, इमोशन और मसाले का ऐसा तड़का लगाया कि करोड़ों दर्शक उससे जुड़ गए। वह कंटेंट की क्वीन हैं, जिन्होंने ऐसे आइकॉनिक किरदारों को जन्म दिया जो दशकों तक दिलों पर राज करते रहे और टीआरपी में टॉप पर रहे। पिछले 3 दशकों में एकता ने अपनी कहानियों के जरिए हजारों किरदारों को जिया और महसूस किया है, हर प्लॉट ट्विस्ट में अपनी आत्मा उड़ेल दी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे अंदर जितनी भी भावनाएं हैं, मैंने उन्हें अपने सभी किरदारों के जरिए जिया है। मैं सच में ऐसा मानती हूं। अगर आप 'कहीं तो होगा' के सुजल को देखें, तो वह काफी हद तक मैं ही थी। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की तुलसी में भी मेरा बहुत अंश था। 'कहानी घर-घर की' की पार्वती वो थी, जो मैं बनना चाहती थी। 'कसौटी जिंदगी की' की प्रेरणा में भी मैं थी। और अनुराग वो था, जो मैं बनना चाहती थी। मुझे लगता है कि हर बार जब मैं कोई किरदार लिखती हूं, तो उसमें अपनी किसी ऐसी भावना को डाल देती हूं, जो अब तक बाहर नहीं आई होती। यह मेरे लिए एक तरह का कैथार्सिस है। हर किरदार मेरी जिंदगी के एक हिस्से से प्रेरित होता है। मेरे लिए कोई भी किरदार ऐसा नहीं है जो मेरी जिंदगी से न आया हो।

एकता ने इन किरदारों में अपनी जिंदगी को उतार दिया। पार्वती में उनका मजबूत इरादा दिखा, तो सुजल में उनका नरम पक्ष। यही वजह है कि ये किरदार लोगों को इतने असली लगे।

# 64 वर्ष की हुईं जया प्रदा

**मुंबई/सत्ता संदेश**

बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा आज 64 वर्ष की हो गईं। जया प्रदा का मूल नाम ललिता रानी है। उनका जन्म आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव राजमुंदरी में 03 अप्रेल 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता कृष्णा तेलूगु फिल्मों के वितरक थे। बचपन से ही जयाप्रदा का रूझान नृत्य की ओर था। उनकी मां नीलावनी ने नृत्य के प्रति उनके बढ़ते रूझान को देख लिया और उन्हें नृत्य सीखने के लिए दाखिला दिला दिया। चौदह वर्ष की उम्र में जयाप्रदा को अपने स्कूल में नृत्य कार्यक्रम पेश करने का मौका मिला। जिसे देखकर एक फिल्म निर्देशक उनसे काफी प्रभावित हुए और अपनी फिल्म भूमिकोसम में उनसे नृत्य करने की पेशकश की लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।